CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 38 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 24 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# वकालत पेशा नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाता है, अधिवक्ता का समाज में श्रेष्ठ दर्जा : भजनलाल शर्मा

## *मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बनी पार्क में जिला न्यायालय में दी बार एसोसिएशन जयपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी को दिलवाई शपथ इस मौके पर यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा,राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी रहे मौजूद*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वकालत केवल पेशा नहीं है बल्कि वकालत समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाती है। समाज में अधिवक्ता को सबसे श्रेष्ठ माना जाता है, लोग अधिवक्ता की बात को स्वीकार करते हैं उन्होंने कहा कि जब कोई इंसान चारों तरफ से मुसीबत में फंस जाता है तो वह सबसे पहले अधिवक्ता के पास ही बड़ी उम्मीद के साथ आता है। उसे यह उम्मीद रहती है कि अधिवक्ता के पास जाने से उसकी मुश्किल दूर हो जाएगी इसलिए समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को इंसाफ दिलाने में अधिवक्ता की बड़ी भूमिका होती है इसीलिए समाज और राष्ट्र में अधिवक्ता को एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में माना जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राजधानी जयपुर के बनी पार्क में जिला न्यायालय में आयोजित द बार एसोसिएशन जयपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि यहां अधिवक्ताओं के अधिवक्ताओं के कार्यक्रम में आकर उन्हें काफी गर्व को प्रसन्नता महसूस हो रही है क्योंकि यह बार एसोसिएशन 1932 से ही संचालित है और यहां से निकले कई वकील देश के विभिन्न न्यायालय में बड़े पदों पर पहुंचे हैं और अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके देश की न्याय व्यवस्था को नई दिशा और गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता अपने बुद्धि कौशल, आचार, विचार, नैतिक बल और तार्किक शक्ति के आधार पर चाहे कोई कितना ही जटिल और पुराना मामला क्यों ना हो और चाहे उस मामले की कितनी ही बड़ी फाइल बनाकर तैयार क्यों ना हो गई हो लेकिन अधिवक्ता न्यायालय में बहस के दौरान बहुत ही कम शब्दों में अपनी बात कहकर मामले का निस्तारण करवा कर पीड़ित लोगों को न्याय दिलवाते हैं। यह अधिवक्ता की एक साधना और तपस्या का फल ही माना जाता है कि वह अपनी मेहनत और बुद्धि से जटिल से जटिल मामले को भी न्यायाधीश के समक्ष सरल शब्दों में प्रस्तुत करके लोगों को इंसाफ प्रधान करवाते हैं । उन्होंने कहा कि अधिवक्ता का कार्य केवल केस लड़ना ही नहीं होता बल्कि देश में जब कोई नया कानून बनाया जाता है तो उसमें अधिवक्ता और वकीलों के संगठन की सलाह और सुझाव जरूर लिए जाते हैं इसलिए राष्ट्र के निर्माण में अधिवक्ताओं की बड़ी भूमिका शुरू से ही रही है तथा संविधान के मौलिक सिद्धांतों की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं इसलिए समाज और राष्ट्र के निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका सर्वोपरि है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और दीवार एसोसिएशन जयपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों से कहा कि सरकार उनकी हर समस्या को सुलझाने के लिए तैयार है लेकिन इसमें आपको भी थोड़ा धैर्य और संयम रखना होगा अगर आप एक साथ कई तरह की मांगे सरकार के समक्ष प्रस्तुत करोगे तो फिर एक साथ कई मांग का समाधान करना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं हो पता है इसलिए आप सरकार को वह समस्या सबसे पहले बताएं जिसका निदान होना बहुत जरूरी है। आप प्राथमिकता के आधार पर अपनी समस्याएं सरकार को बताते रहे सरकार आपकी प्राथमिकताओं के आधार पर समस्याओं का सतत निवारण करती रहेगी ।मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ऐसा कोई सा भी क्षेत्र नहीं है जहां कोई समस्या नहीं हो उन्होंने कहा कि चाहे घर हो परिवार हो या कोई संस्था हो कोई या नहीं कह सकता कि मेरे यहां एक भी समस्या नहीं है कोई ना कोई समस्या तो हर जगह रहेगी ही लेकिन समस्याओं के निवारण के प्रयास भी होते रहने चाहिए उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि अगर आप एक साथ मुझे अपनी 10 समस्याएं बताएंगे तो मैं सरकार का मुखिया होने के नाते भी इन 10 समस्याओं का समाधान एक साथ नहीं कर पाऊंगा। लेकिन अगर आप इन 10 समस्याओं में कोई एक सबसे बड़ी समस्या जिसका निदान होना बहुत जरूरी है वह मुझे बताएंगे तो मैं पहले उस सबसे बड़ी समस्या को सुलझाने का प्रयास करूंगा इसके बाद फिर आपसे दूसरी समस्या के बारे में पूछूंगा यह तरीका ज्यादा अच्छा रहेगा लेकिन एक साथ अगर आप कई समस्याएं सरकार को बताओगे तो सरकार एक साथ सारी समस्याओं का समाधान नहीं कर पाएगी । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी वार एसोसिएशन जयपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष सोमेश कुमार शर्मा और अन्य पदाधिकारी को शपथ दिलाई ।

# भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर विशाल प्रदर्शन, राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी

## हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजन करके कांग्रेस को सद्बुद्धि देने की भगवान से की प्रार्थना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** दिल्ली में पिछले दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन का मामला दिनों दिन तूल पकड़ता जा रहा है इस मामले को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों आमने-सामने है और दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदर्शन करके एक दूसरे को बैक फुट पर करने का प्रयास कर रहे हैं इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राजस्थान इकाई की ओर से सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर विशाल प्रदर्शन किया गया हालांकि शहर पुलिस ने भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए पहले से ही सुरक्षा के व्यापक प्रबंध कर लिए थे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर जाने वाले दोनों रास्तों पर बैरिकेट्स स्थापित कर दिए थे इसलिए भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के मुख्य दरवाजे तक तो नहीं पहुंच पाई लेकिन नारेबाजी और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते थे सैकड़ो की संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बिल्कुल नजदीक पहुंच गई थी जहां पुलिस ने उन्हें रोका यहां भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई अन्य नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और हनुमान चालीसा का जाप करके कांग्रेस पार्टी को सद्बुद्धि देने की भगवान से प्रार्थना की इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर जाने का प्रयास भी किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा कर शांत किया लेकिन प्रदर्शनकारी महिलाओं ने काफी देर तक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बिल्कुल नजदीक ही जोर-जोर से नारेबाजी की जिसकी वजह से मौके पर पुलिस तनाव के हालात भी पैदा हो गए थे लेकिन पुलिस अधिकारियों की समझाने पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शांत भी हो गई जानकारी के अनुसार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर के नेतृत्व में सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में मोर्चा से जुड़ी महिलाएं चांदपोल स्थित हनुमान जी के मंदिर के सामने पहुंची जहां से महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हाथ में हनुमान चालीसा की पुस्तक लेकर और हनुमान चालीसा का सामूहिक जाप करते हुए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर जाने लगी मौके पर महिलाओं की संख्या काफी ज्यादा हो गई थी इसलिए पुलिस भी काफी अलर्ट हो गई क्योंकि इस कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भी शामिल किया गया था इसलिए जयपुर के परकोटे में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां एकत्रित हो गई थी जिसकी वजह से पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को कड़े सुरक्षा घेरे में पहले ही कर लिया हालांकि महिला मोर्चा के कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से पैदल मार्च करते हुए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ रही थी तभी पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के नजदीक सभी रास्तों पर बैरिकेट्स पहले ही स्थापित कर दिए थे इसलिए प्रदर्शनकारी महिलाएं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दाखिल नहीं हो सकी लेकिन महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालय के बिल्कुल नजदीक राहुल गांधी के खिलाफ जोर-जोर से नारेबाजी की काफी देर तक नारेबाजी और हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के बाद महिलाओं ने अपने इस कार्यक्रम को विराम दिया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दिल्ली में जो कार्यक्रम आयोजित हो रहा था इस कार्यक्रम में दुनिया भर के सेलिब्रिटी आए हुए थे यह कार्यक्रम हिंदुस्तान के विकास की एक नई पटकथा लिख रहा था उसी समय दुनिया भर से आए लोगों के सामने कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से किया गया अर्धनग्न प्रदर्शन कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी की मानसिक कमजोरी को उजागर करता है कांग्रेस जनों की इस हरकत से हिंदुस्तान जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में अपने नाम का डंका बज रहा है उसकी छवि पर कांग्रेस ने विपरीत असर डालने का प्रयास किया इसीलिए भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आज यह विरोध प्रदर्शन किया गया और यह विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश भर में किया जाएगा हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन इसलिए किया गया है कि भगवान सीताराम और भगवान हनुमान हमारे पाठ से खुश होकर कांग्रेस पार्टी को सद्बुद्धि दे ताकि भविष्य में वह इस तरह की गलती कभी ना कर सके

# राजस्थान में युवाओं की उद्यमिता स्किल बढ़ाने को लेकर सरकार गंभीरः राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राज्य विधानसभा में सोमवार को प्रश्न संख्या 252 के पूरक प्रश्न के तहत पोकरण विधानसभा क्षेत्र में टेराकोटा कार्य को बढ़ावा देने और युवाओं को उद्यम एवं रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पूरे राजस्थान में युवाओं की स्किलिंग को लेकर विशेष काम किया जाएगा, स्पेशलाइज्ड किसी जिले में अगर ऐसा कोई सुझाव आता है किसी विशेष स्किल के बारे में तो निश्चित रूप से उसे देखा जाएगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि सरकार इस बारे में अच्छा काम कर रही है वर्ष 2022 और 2024 में 60 हजार युवा ट्रेंड हुए हैं और 2024 और 2026 में यह संख्या बढ़कर एक लाख से पार हो चुकी है। हमारी कोशिश रहेगी कि आगे इसे और बढ़ाएं। हमने 2026 में उद्योग विभाग में एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी गैप को स्टडी करेगी कि हमें स्किलिंग को कहां लेकर जाना है? कहां और क्या समस्या आ रही है? राजस्थान के सभी जिलों सहित सीमावर्ती जिलों में विभाग ट्रेनिंग करा पाएं उस पर सरकार का पूरा ध्यान है।

# पूरे देश से राष्ट्रपति को पत्र भेजेंगे किसान, करेंगे यूएस डील रद्द करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)**संयुक्त किसान मोर्चा राष्ट्रपति को पत्र लिखकर भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को रद्द करने की मांग करेगा। इसके अंतर्गत संसद सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन यानी नौ मार्च को पूरे देश के किसानों से राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखवाया जाएगा और राज्यपालों या जिलाधिकारियों को सौंपा जाएगा। किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील में किसानों के हितों से समझौता किया है। किसानों का आरोप है कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गई घोषणाएं इस आशंका को पुष्ट करती हैं कि सरकार अमेरिकी दबावों का सामना करने में असमर्थ है। संयुक्त किसान मोर्चा के अनुसार, अमेरिकी कृषि सचिव ब्रुक रोलिन्स ने कहा है कि यह समझौता अमेरिका को भारत के विशाल बाजार में अधिक कृषि उत्पाद निर्यात करने की अनुमति देगा, जिससे ग्रामीण अमेरिका में कीमतें बढ़ेंगी और नकदी प्रवाह होगा। किसानों के अनुसार, यह कथन बताने के लिए पर्याप्त है कि डील में भारतीय किसानों के हितों से समझौता किया गया है। किसानों का कहना है कि जब अभी डील फाइनल नहीं हुई है तो अमेरिकी मंत्री-अधिकारी इस तरह के दावे कैसे कर रहे हैं। उनके अनुसार, इसका सीधा सा आशय है कि सरकार ने समझौते पर मौखिक स्वीकृति दे दी है। किसान नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका से सभी 'गैर शुल्क बाधाओं' को समाप्त करने पर सहमति जताई है। गैर शुल्क का आशय है कि इसमें 'पैसे की लेनदेन के अलावा' अमेरिकी उत्पादों से 'अन्य सभी प्रतिबंध' हटा लिए जाएंगे। किसानों का कहना है कि अब तक अमेरिकी गायों को मांस खिलाने के कारण उनका भारतीय बाजार में प्रवेश बंद था, लेकिन गैर शुल्क प्रावधान हटाने पर सहमत होने के कारण यह प्रतिबंध हटाया जा सकता है। किसानों का आरोप है कि इस डील के बाद भारतीय बाजार में कपास कीमतों में भारी गिरावट हुई है।

# अशोक गहलोत ने विधानसभा का किया अपमान, प्रदेश की जनता और विधानसभा से माफी मांगे गहलोत : घनश्याम तिवारी

## प्रदेश के ऐसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री जिन्होंने विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक के निर्णय को ही मूर्खतापूर्ण और मजाक करार दिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान पर तीखी आलोचना प्रकट की जिसमें गहलोत ने 2 साल बनाम 5 साल के कामकाज पर बहस करने के विषय को मूर्खतापूर्ण और मजाक करार दिया। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उन्होंने राजस्थान विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णय को ही मजाक और मूर्खतापूर्ण बताकर खुद को दुनिया का सबसे बड़ा अज्ञानी व्यक्ति घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत जब मुख्यमंत्री होते हैं तब ही सदन में आते हैं इसके अलावा जब वह मुख्यमंत्री नहीं होते हैं तब वह कभी भी सदन में नहीं आते यह उनकी आदत है लेकिन सोमवार को अशोक गहलोत सदन में आए यह उनके लिए उनका एक नया रिकॉर्ड बन गया ।लेकिन सदन में रहने के बावजूद भी सदन में उन्होंने किसी भी विषय पर एक भी शब्द नहीं बोला और फिर सदन के बाहर आकर उन्होंने राजस्थान विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक की ओर से लिए गए निर्णय को मजाक और मूर्खतापूर्ण बता दिया जो उनका यह बयान भी प्रदेश के इतिहास में एक अशोभनिय बयान के रूप में काले धब्बे के रूप में अंकित हो गया है। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि अच्छा यह होता अशोक गहलोत सोमवार को सदन में किसी विषय पर अपनी बात कहते लेकिन सदन में अपनी बात नहीं कह कर उन्होंने सदन के बाहर पत्रकारों को ऐसा बयान दिया जो आज तक किसी भी पूर्व मुख्यमंत्री ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में सदन में जो भी कार्रवाई होती है वह विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर ही सदन की कार्रवाई संपादित होती है ।अशोक गहलोत खुद तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं वह अच्छी तरह से जानते हैं लेकिन गहलोत ने विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक के निर्णय को ही मूर्खतापूर्ण और मजाक बता दिया जो विधानसभा का भी अपमान है और प्रदेश की जनता का भी अपमान है इसलिए अशोक गहलोत को प्रदेश की जनता से और प्रदेश की विधानसभा से दोनों से माफी मांगनी चाहिए । घनश्याम तिवारी ने कहा कि 21 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से राजस्थान विधानसभा में सरकार के 2 साल के कामकाज के बारे में जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था उस प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने का निर्णय विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में हुआ था जिसमें विपक्ष के नेता भी बैठे थे। बैठक के निर्णय के आधार पर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 21 फरवरी को सदन में अपने 2 साल के कामकाज के बारे में अपना भाषण प्रस्तुत किया फिर इसमें विपक्ष को आपत्ती कहां से खड़ी हो गई उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत जैसे बड़े राजनेता के मुंह से विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक के निर्णय को ही मूर्खता बता देना यह साफ जाहिर होता है कि उनकी मानसिकता किस कदर गिर चुकी है उन्होंने कहा कि गहलोत को अपने कृत्य और बयान पर विधानसभा में माफी मांगनी चाहिए। तिवारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा ने सदन में अपने 2 साल के कामकाज का प्रतिवेदन प्रस्तुत करके राजस्थान विधानसभा में एक नई परंपरा की शुरुआत की है जो काफी सराहनीय और शानदार है इस परंपरा से प्रदेश की जनता और विधानसभा को अपनी सरकार के कामकाज के बारे में पता चला जो किसी भी सरकार की जनता के प्रति और विधानसभा के प्रति जवाबदेही होती है उस जवाब देही को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे निष्ठा के साथ निभाया है आज तक इस तरह की हिम्मत और निष्ठा किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं निभाई लेकिन भजनलाल शर्मा ने बाकायदा अपने 2 साल के कामकाज के बारे में जानकारी देकर प्रदेश की जनता और विधानसभा के प्रति अपनी जवाब देही प्रकट की लेकिन विपक्ष को इस बात की मिर्ची लग गई की सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किया है वह कार्य पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल में नहीं किया इसलिए मुख्यमंत्री की ओर से प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन में विकास के आंकड़ों को देखकर विपक्ष घबरा गया और बहस करने की जगह सदन का बहिष्कार करके चला गया क्योंकि विपक्ष के पास इतनी हिम्मत ही नहीं थी कि वह मुख्यमंत्री से विकास कार्यों को लेकर बहस कर पाता उन्होंने कहा कि विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के नेता प्रदेश में अपराध को लेकर प्रदेश सरकार पर गलत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हकीकत में प्रदेश में पिछली सरकार की तुलना में 10 प्रतिशत अपराध की घटनाओं में गिरावट आई है इसके अलावा यमुना जल समझौता जो हरियाणा सरकार से कई सालों से लंबित पड़ा हुआ था । उस योजना को मुख्यमंत्री भजनलालशर्मा धरातल पर लेकर आए हैं जिसमें शेखावाटी के कई जिलों के लोगों को पीने का पानी और खेती का पानी आने वाले सालों में मिल सकेगा इसी तरह से राम सेतु जल परियोजना से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों के लाखों लोगों को पीने का पानी और खेती का पानी आने वाले दिनों में मिलेगा इतनी बड़ी-बड़ी उपलब्धियां और इतने बड़े-बड़े कार्य 2 साल में संपादित करना यह भजनलाल सरकार की श्रेष्ठ को इंगित करता है इसके अलावा भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में कृषि सड़क चिकित्सा पानी पर्यटन रोजगार उद्योग महिला एवं बाल विकास कानून व्यवस्था हर क्षेत्र में शानदार काम किया इन कार्यों की वजह से विपक्ष को मिर्ची लग गई और वह सरकार से बहस नहीं कर पाया ।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
24 फरवरी, 2026

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध आधार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्ययोजना (Action Plan) तैयार करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार के निर्धारित स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम तथा बाल नशा मुक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए किसी भी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर की परिधि में तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस विभाग को भी नियमित गश्त एवं निरीक्षण कर अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, कृषि अधिकारी गोपाल लाल मीणा, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, वन विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिष्ठान दुकानों से लिए नमूने

### पनीर, लड्डू, कलाकंद व बर्फी की जांच के लिए सैंपल प्रयोगशाला भेजे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ. टी. शुभमंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को शहर में विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान नाथू स्वीट्स शालीमार से पनीर एवं लड्डू, श्री रामदेव जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद, अग्रवाल मिष्ठान भंडार से कलाकंद तथा मुकेश स्वीट्स एंड डेरी प्रोडक्ट से बर्फी के नमूने जांच के लिए लेकर प्रयोगशाला भिजवाए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र के खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने, लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSSA) 2006 के प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्व बंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा उपस्थित रहे।

## विमंदित और मूक बधिर बच्चों के साथ मनाई होली, बांटे उपहार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** आदर्श विमंदित और मूक बधिर विद्यालय खुदनपुरी में होली मिलन समारोह मनाया गया। यहां विमंदित और मूक बधिर बच्चों को कपड़े तथा शिक्षण सामग्री वितरित की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्वलन से हुई। यहां के विमंदित बालकों ने होली के गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से बालकों को रंग व पिचकारी सहित कपड़े प्रदान किए जबकि सभी अतिथियों ने इन्हें उपहार दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दौलत राम हजरती थे जबकि अध्यक्षता सुरेश गुप्ता हुंडी वालों ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि में भाजपा नेता पवन जैन, संगीता सिंह, लता शर्मा, निशा ज्योति, मेनका जोशी, गिरीश दीक्षित, मंजू शर्मा, अर्चना आमेरिया, गायत्री परिवार से शिक्षाविद प्रतिभा सिंह, पर्यावरणविद के. के. खंडेलवाल, ज्योति अलंग, विपिन सेतिया, मोनू और अमीता शर्मा थे। विद्यालय प्रभारी पायल प्रधान ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। संचालन निशा ज्योति ने किया।

## अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की बैठक में अहम फैसले

### 1 मार्च को होगी जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए बनेगी टीम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक में आगामी गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यूथ महिला एवं पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए टीम चयन की रणनीति तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 से 29 मार्च 2026 तक राजगढ़ (चूरू) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता 1 मार्च 2026 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस चयन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अलवर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। खिलाड़ियों से समय पर पंजीयन कराने एवं अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया, ताकि जिले से सशक्त टीम का गठन हो सके। बैठक में अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, संजय शुक्ला, साधना शर्मा, संयुक्त सचिव विकास शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष विनीत जुनेजा सहित अन्य पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## प्रशासनिक अनदेखी से अंधेरे में कृषि उपज मंडी का पिछला क्षेत्र

### करीब छः माह से बंद 25 लाइटें, 10 खंभे गिरने के कगार पर हादसे की आशंका

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** शहर में समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक बैठकों और दिशा-निर्देशों के दावे भले ही किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी स्थिति अलग ही तस्वीर पेश कर रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कृषि उपज मंडी के पीछे का क्षेत्र है, जहां पिछले करीब छह महीनों से अंधेरा पसरा हुआ है। क्षेत्र में सड़कों पर लगी लगभग 25 लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंधेरे के कारण आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। वहीं करीब 10 लाइट के खंभे गिरने के कगार पर खड़े हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर निगम अलवर और नगर विकास न्यास अलवर के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि खंभे गिर गए तो जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। आए दिन यहां वाहन टकराने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही बंद पड़ी लाइटों को दुरुस्त कर खंभों को बदला जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट किए गए वितरित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किए जा रहे कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यकम का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडी 35 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट वितरित किए गए। जिला अग्रणी प्रबन्धक बाबूलाल पालरिया ने सभी महिलाओं को बैकिग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं सभी को ऋण संबंधी जानकारी प्रदान दी। आरसेटी निदेशक जे.पी मीणा ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार से जोडने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी और स्वयं का रोजगार की शुरूआत करने के लिए आरसेटी अलवर की ओर से सभी महिलाओं को दूध के कंटेनर दिये गए। सभी 35 प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन नैसर की ओर से शशि यादव और बाबूलाल ने किया। संकाय सदस्य रेणु जैन ने बताया की अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। उन्होने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को आरसेटी के सहयोग से वित्तीय संस्थाओं के जरिए ऋण दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने व व्यवसाय आरम्भ करने के लिए प्रशिक्षणों के माध्यम से रोजगार से जोडा जा रहा है। समापन अवसर पर सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट प्रदान किये गये। इस दौरान मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबन्धक पी.आर मीणा, वरिष्ठ संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल, हिमांशी शर्मा, राहुल अठवाल मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज एवं प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में करें गुणवत्तापूर्ण समाधान - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीसी के माध्यम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज व राजस्व प्रकरणों का डिस्पोजल, फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण एवं संपर्क पोर्टल परिवादों के निस्तारण की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य की उपखंडवार समीक्षा कर रजिस्ट्री कार्य को गति देते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के एक्टिव डाटा अनुसार 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत पूर्ण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार लंबित कोर्ट केसेज का नियमित रूप से रुल्स के अनुसार निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणाओं एवं क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशानुरूप सम्पर्क पोर्टल पर प्रत्येक प्रकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग कर संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्वक समाधान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रकरण में असंतुष्टि व्यक्त करने वाले परिवादियों से नियमित तौर पर सम्पर्क स्थापित कर वास्तविकता में उनके परिवादों का समाधान कराने का प्रयास करें। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शत प्रतिशत लागू करने एवं फाइलों का न्यूनतम समय में निस्तारण करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुडे।

जिला कलक्टर ने किया शहर का सघन दौरा

## नगर निगम टीम के साथ स्वच्छता व्यवस्था एवं निर्माणाधीन टॉयलेट आदि का लिया जायजा

### स्वच्छता के संबंध में सख्ती बरतते हुए दैनिक चालान एवं प्लास्टिक जप्ती करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को प्रातः नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर का सघन दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था, बडे नालों व नालियों की सफाई, निर्माणाधीन शौचालयों की प्रगति एवं विभिन्न प्रमुख स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान नयाबास चौराहा, कबीर कॉलोनी, चितावन गली के पास नालियों एवं नालों तथा तांगा स्टैंड एवं मीट मार्केट के पिंक टॉयलेट तथा एसएमडी सर्किल, ज्योति राव फूले, बस स्टेण्ड, कंट्रोल रूम, होप सर्कस, भगत सिंह, बिजली घर, जेल सर्किल के आस पास के क्षेत्रों सहित शहर के अन्य स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था को जांचा। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहर की सड़कों को निराश्रित पशुओं के विचरण से मुक्त कराने एवं बड़े नालों नियमित तौर पर व्यवस्थित साफ सफाई कराने व मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठान वाले क्षेत्रों में आवश्यक रूप से रात्रि में साफ -सफाई करावें एवं साफ सफाई व्यवस्था में सहयोग नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों पर चालान की कार्यवाई की जावें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रभावी कार्रवाई कर प्लास्टिक की जप्ती भी की जाए। जिला कलक्टर तांगा स्टैंड एवं मीट मार्केट में निर्माणाधीन पिंक टॉयलेट का निरीक्षण कर महिलाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत निर्माणाधीन सभी पांच शौचालयों के निर्माण के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान बताई गई कमियों को तत्काल दूर किया जाए तथा टीम बनाकर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि अलवर शहर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिक-अनुकूल बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम व शहर) बीना महावर, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मौसमपुर में 5 लाख की लागत से पेयजल नलकूप का लोकार्पण

### प्रधान सरोज बस्तीराम यादव ने किया उद्घाटन, श्याम बाबा की महिमा का किया गुणगान

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** ग्राम मौसमपुर में श्याम बाबा के स्थान पर पंचायत समिति बहरोड़ प्रधान कोटे से स्वीकृत 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित पेयजल नलकूप का उद्घाटन सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सरोज बस्तीराम यादव, प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ ने फीता काटकर नलकूप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि महाभारत के महान योद्धा बर्बरीक को भगवान श्रीकृष्ण के वरदान से कलयुग में श्याम बाबा के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की कृपा से क्षेत्र में खुशहाली, अच्छी फसलें, युवाओं में संस्कार, बहन-बेटियों का सम्मान और आपसी भाईचारा कायम है। वक्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में करीब 30 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं तथा पंचायत समिति बहरोड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में प्रधान कोटे से निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने गाजे-बाजे एवं डीजे के साथ मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य रामनिवास रामशरण गुर्जर, सरपंच रामपाल गुर्जर, डॉ. जयपाल यादव, अमर सिंह पार्षद, रोहतास पार्षद, सुनील यादव, सिकंदर यादव, देवेंद्र रैया, धंसी रावत, रामकुमार एडवोकेट, मिश्रीलाल गुर्जर, इंद्राज गुर्जर, पूर्णचंद, देशराज गुर्जर, कृष्ण गुर्जर, सुंदर, सुभाष, प्रकाश, राजू, घनश्याम, खेताराम, लालचंद, राम सिंह गुर्जर, रतिराम फामड़ा, रवि गुर्जर, मिंटू गुर्जर सहित हजारों ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास छावड़ी ने किया।

## चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में महिला स्वास्थ्य पर मंथन

### देशभर के 100 से अधिक गायनेकोलॉजिस्ट ने लिया भाग, नवाचारों पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अलवर ऑब्स एंड गायनिक सोसाइटी की ओर से चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन के अंतर्गत खेल गतिविधियों, संगोष्ठियों, वर्कशॉप और मुख्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न शहरों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। समिति की अध्यक्ष डॉ. आभा सपरा एवं सचिव डॉ. चारु जौहरी ने बताया कि 19 फरवरी को हैप्पी स्कूल में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। 20 फरवरी को अलवर रॉयल में आरंभिक गर्भावस्था से जुड़ी समस्याओं पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें 36 डॉक्टरों ने भाग लिया। 21 फरवरी को होटल सरोवर प्रीमियर में निःसंतानता विषय पर वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें 43 गायनेकोलॉजिस्ट ने हिस्सा लिया। 22 फरवरी को पूरे दिन मुख्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें 100 से अधिक गायनेकोलॉजिस्ट शामिल हुए। सम्मेलन में जयपुर, दिल्ली, भरतपुर, भिवाड़ी, आगरा, अजमेर और गाजियाबाद से आए विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में डॉ. वीना आचार्य मुख्य अतिथि रहीं तथा अजमेर से डॉ. उषा रानी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जयपुर से डॉ. अंजू सोनी, डॉ. लीला व्यास, डॉ. प्रेमलता मित्तल, डॉ. नूपुर हूजा, डॉ. आदर्श काबरा, डॉ. तरु छाया, डॉ. मधुलिका; दिल्ली से डॉ. जे.बी. शर्मा, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. पिकी सक्सैना; गाजियाबाद से डॉ. अर्चना वर्मा; आगरा से डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. निहारिका मल्होत्रा; अजमेर से डॉ. रमा गर्ग सहित अन्य नामी चिकित्सकों ने अपने विचार रखे। अलवर से डॉ. देवयानी राणावत एवं डॉ. नंदिनी शर्मा ने संरक्षक की भूमिका निभाई, जबकि डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. सुनीता अग्रवाल एवं डॉ. मोनिका गुप्ता ने साइंटिफिक चेयरपर्सन का दायित्व संभाला। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिला स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में नवीन तकनीकों और उपचार पद्धतियों को साझा करना तथा विशेषज्ञों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना रहा। सम्मेलन में ऑरेशन, कीनोट एड्रेस और पैनल डिस्कशन के माध्यम से महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

## होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** होली के अवसर पर रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09633/09634, रेवाडी-रींगस-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में रेवाडी से दिनांक 1,7,8,14,15,21,22,28,29,30 मार्च 2026 को (10 ट्रिप) एवं रींगस से दिनांक 2,8,9,15,16,22,23,29,30,31 मार्च 2026 को (10 ट्रिप) का विस्तार किया जा रहा है इसी तरह गाडी संख्या 09637/09638, रेवाडी-रींगस-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में रेवाडी दिनांक 1,7,8,14,15,21,22,28,29,31 मार्च 2026 को (10 ट्रिप) एवं रींगस से दिनांक 1,7,8,14,15,21,22,28,29,31 मार्च 2026 को (10 ट्रिप) का विस्तार किया जा रहा है। अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09733/09734, जयपुर-भिवानी-जयपुर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में जयपुर से दिनांक 1.3.26 से 31.03.26 तक (31 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 1.3.26 से 31.3.26 तक (31 ट्रिप) का विस्तार किया जा रहा है।

## दादू दयाल जी मेले पर जैसलमेर-काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा का नरैना स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा नरैना में आयोजित दादू दयाल जी मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधाजैसलमेर-काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा का नरैना स्टेशन पर 2 अस्थाई मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा दिनांक 24.2.26 से 27.2.26 तक नरैना स्टेशन पर 14.17 बजे आगमन एवं 14.19 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 15014, काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा दिनांक 24.2.26 से 27.2.26 तक नरैना स्टेशन पर 11.1 बजे आगमन एवं 11.03 बजे प्रस्थान करेगी।

## बालक को उठा कर ले जा रहे पैंथर को ग्रामीणों ने छुड़वाया, झाड़ी में छुपे पैंथर ने दो युवकों पर बोला हमला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पिछले कुछ महीनो से प्रदेश भर में पैंथर से हमले से लोग काफी दहशत में है कई जगहों पर पैंथर के हमले से बालक, युवक, कृषक पशुधन इत्यादि घायल होकर अस्पताल भी पहुंचे हैं पैंथर के इन हमलों से पुलिस और वन विभाग के अधिकारी भी काफी परेशान है हालांकि सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर भी पहुंचती है कई बार पैंथर को रेस्क्यू करके वापस जंगल में भी छोड़ दिया जाता है लेकिन पैंथर फिर जंगल से निकलकर निकट की आवासीय बस्तियों में भूख और प्यास मिटाने के लिए आ जाते हैं और फिर चाहे छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग हमला कर देते हैं कई बार पालतू पशुओं को भी निशाना बनाने की कोशिश करते हैं । पिछले 24 घंटे में ही प्रदेश में दो जगह पर पैंथर के हमले से लोगों के घायल होने की सूचना मिली है जिसमें पाली के सरजू वाडी उरना गांव में पैंथर एक बालक को मुंह में उठाकर ले जाने की कोशिश कर रहा था तभी बालक जोर से चिल्लाने लगा इसके बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर आए लोगों को मौके पर आता हुआ देखकर पैंथर घबराकर भाग गया। पैंथर के हमले से बालक घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए पिंडवाड़ा अस्पताल में एडमिट करवाया गया है बालक के परिजन काफी दहशत में है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है वन विभाग को भी सूचित किया गया है वन विभाग की टीम पैंथर की लोकेशन का पता लगाने की कोशिश कर रही है इसी तरह से एक अन्य जगह पर सिरोही में ठंडी बेरी में झाड़ियां में छुपे पैंथर ने दो युवक पर अचानक हमला बोल दिया जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है तथा दूसरे युवक के हल्के गाव के निशान हैं दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद यहां भी पुलिस और बनी हुआ की टीम मौके पर हल्के गाव के निशान हैं दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद यहां भी पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है लेकिन युवकों पर हमला करने के बाद पैंथर इलाके में विलुप्त हो गया ।

## बीसीएमओ को 25000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा, एएनएम की प्रतिनियुक्ति के लिए मांगी थी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से सोमवार को गंगापुर सिटी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बीसीएमओ को 25000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त डॉक्टर बत्ती लाल मीणा के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान शुरू कर दिया है। इस मामले की जांच कर रहे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से एएनएम की प्रति नियुक्ति के बदले बीसीएमओ डॉक्टर बत्तीलाल मीणा ने रिश्वत की इतनी बड़ी रकम ली है इससे प्रतीत होता है कि डॉक्टर मीना बिना पैसा लिए कोई कार्य नहीं करता था। इसलिए डॉक्टर मीणा के सरकारी दफ्तर में मौजूद सभी दस्तावेज पत्रावलियां कंप्यूटर हार्ड डिस्क डिजिटल डाटा इत्यादि सभी को जप्त कर लिया गया है और इन सब की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद बीसीएमओ कार्यालय में तैनात स्टाफ के चेहरे पर भी चिंता की लकीर छा गई है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार उपयुक्त डॉक्टर बत्ती लाल मीणा गंगापुर सिटी में बीसीएमओ पद पर नियुक्त हैं जिसने एएनएम की प्रति नियुक्ति के बदले परिवादी से रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी डॉक्टर बत्ती लाल मीणा को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत सोमवार को जैसे ही परिवार ही ने डॉक्टर बत्ती लाल मीणा को रिश्वत के 25000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ बत्ती लाल मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

## नगर निगम ने की प्रतिबन्धित पॉलिथीन विक्रेताओं, दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाई

### 920 किलोग्राम पॉलिथीन तथा 80 किलोग्राम डिस्पोजल जब्त कर काटे 3600 रूपये के चालान

**अलवर(निसं.)।** नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में शहर के मुख्य बाजार केडलगंज पेट्रोल पम्प के पास, खण्डेलवाल ट्रांसपोर्टर एवं अन्य ट्रांसपोर्टर एवं एनईबी हाउसिंग बोर्ड में नगर निगम द्वारा प्रतिबन्धित पॉलिथीन विक्रेताओं, दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाई करते हुए 920 किलोग्राम पॉलिथीन तथा 80 किलोग्राम डिस्पोजल जब्त कर 3600 रूपये के चालान काटे गये।

# सदन में अशोक गहलोत की मौजूदगी से विपक्ष के सदस्यों में छाया जोश : गहलोत ने कहा 2 साल बनाम 5 साल का बयान बेतुका

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को राजस्थान विधानसभा की सदन की कार्रवाई में मौजूद रहे गहलोत की मौजूदगी से विपक्ष के सदस्यों में नया जोश और उत्साह भी देखा गया, प्रश्न काल के दौरान गहलोत की मौजूदगी में कई विषयों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपस में जोरदार बहस भी सुनने को मिली लेकिन गहलोत की मौजूदगी से सोमवार को सदन एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहा था द्य जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में अशोक गहलोत अपनी उपस्थित नहीं दिखा पा रहे थे जिसकी वजह से सत्ता पक्ष के सदस्य कई बार गहलोत की अनुपस्थिति को लेकर विपक्ष पर हमला बोल देते थे हालांकि विपक्ष गहलोत की अनुपस्थिति पर यही कहता हुआ नजर आया कि गहलोत स्वास्थ्य की वजह से सदन में नहीं आ पा रहे हैं चिकित्सकों ने गहलोत को आराम की सलाह दी है लेकिन पिछले कुछ दिनों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच 2 साल बनाम 5 साल के कार्यकाल को लेकर आपस में जो बहस को लेकर तनातनी बनी हुई है शायद उस वजह को देखते हुएही अशोक गहलोत सोमवार को सदन में नजर आए क्योंकि सदन में पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 2 साल के कामकाज के बारे में जब प्रतिवेदन पढ़ रहे थे तब उन्होंने यह कहा था कि अच्छा होता आज पूर्व मुख्यमंत्री यहां पर मुझसे बहस करने के लिए मौजूद रहते इसलिए सोमवार को अशोक गहलोत की सदन में उपस्थित सत्ता पक्ष और पक्ष के सदस्यों के बीच चर्चा का विषय बनी रही इससे पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश में किसी भी स्टेट में 2 साल बनाम 5 साल के कार्यों का ऐसा बेतुका बयान कहीं नहीं सुना यह पहली बार सुन रहा हूं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता के बीच में जाकर लोगों से इसके बारे में बातचीत करनी चाहिए, लोगों से राय लेनी चाहिए, लोग पिछली सरकार और वर्तमान सरकार के बारे में क्या सोचते हैं इसका पता उन्हें जनता के बीच जाने से ही लग जाएगा, गहलोत ने कहा कि प्रदेश के लोग वर्तमान सरकार के बारे में क्या-क्या प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं ऐसी प्रतिक्रियाएं मैं आज तक प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार के लिए नहीं सुनी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद अब तक किसी भी सरकार ने 2 साल बनाम 5 साल का इस तरहका दावा नहीं किया यह पहली बार किसी सरकार की ओर से बात कही गई है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जिन योजनाओं की स्वीकृति जारी की जिनके टेंडर जारी किया अब उन योजनाओं को वर्तमान सरकार अपनी योजना बात कर कागजों में वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के बीच जाकर जनता की समस्याओं को दूर करना चाहिए इस तरह से सदन में बहस करवा कर सरकार क्या साबित करना चाहती है प्रदेश की जनता में वर्तमान सरकार को लेकर मैसेज ठीक नहीं है वजह यही है कि हमारी सरकार की कई योजनाओं को या तो बंद कर दिया गया है या फिर कमजोर कर दिया गया है जिसकी वजह से प्रदेश के लोग आधारभूत समस्याओं से जूझने लगे हैं और लोगों को राहत नहीं मिल रही है

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को सुबह विधानसभा की कार्रवाई शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक 10:00 बजे विधानसभा की ना पक्ष लॉबी में आयोजित की गई इस बैठक में विधानसभा के चालू बजट सत्र में आगे कैसे और किस तरह से सत्ता पक्ष को सदन में बैक फुट पर करना है इसके बारे में विस्तार से चर्चा करके रणनीति तैयार की गई। बैठक में पार्टी के विधायकों को एकजुट भाव से आपस में समन्वय और तालमेल बनाते हुए सत्ता पक्ष से सार्थक बहस करने के विषय पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया है । बैठक में यह भी तय किया गया है कि आने वाले दिनों में सदन की कार्रवाई में पार्टी के सभी विधायक अपनी उपस्थिति दिखाएं ताकि किसी विषय पर वाद विवाद होने पर सत्ता पक्ष से ठीक तरह से बहस और मुकाबला किया जा सके।

बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली कांग्रेस विधायक दल के सचेतक रफीक खान उपसचेतक रामकेश मीणा सहित कांग्रेस पार्टी के कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहे विधायक दल की बैठक में प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस पार्टी के सदस्यों की ओर से पूछे जाने वाले सवाल पर मंत्री की ओर से जो जवाब दिया जाता है उस परिपेक्ष में संबंधित मंत्री को उस सवाल के फेर में कैसे उलझाया जाए ताकि सदन में मंत्री जवाब देने की स्थिति में ही नहीं रहे इसके लिए व्यापक रूप से मूल प्रश्न से जुड़े अन्य सभी विषयों पर गंभीरता से स्टडी करके सदन में आने के लिए विधायकों को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष में पिछली गहलोत सरकार के 5 साल और वर्तमान सरकार के 2 साल के कार्य को लेकर बहस करने को लेकर जो गतिरोध की स्थिति बनी हुई है वह गतिरोध अब भी कायम है हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 2 साल के कामकाज का प्रतिवेदन सदन में पढ़कर सुनाया भी है और सदन की मेज पर भी प्रतिवेदन को रख दिया है हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रतिवेदन पढ़ने के दौरान विपक्ष ने सदन की कारवायिका का बहिष्कार किया था विपक्ष का कहना था कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सिर्फ अपने 2 साल के प्रतिवेदन पर ही बहस करने की बात कह रहे थे जबकि हम 2 साल बनाम 5 साल पर बहस करना चाहते थे लेकिन सरकार सिर्फ अपने 2 साल के कामकाज के प्रतिवेदन पर ही बहस करना चाहती थी जबकि विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में 2 साल बनाम 5 साल के कामकाज पर बहस होना निर्धारित किया गया था लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सिर्फ अपने 2 साल के कामकाज का ही बखान करना चाहते थे इसलिए हमने सदन का बहिष्कार किया हम अब भी 2 साल बनाम 5 साल एक कामकाज पर बहस करने के लिए तैयार हैं इस पर अब भी हम कायम है सरकार चाहे तो अल्बर्ट हॉल पर जनता के सामने बहस कर ले इस विषय को लेकर भी सोमवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई ।

## मेरी तरफ से किसी की भावना को ठेस पहुंची है तो क्षमा चाहता हूंः सुखबीर सिंह जौनपुरिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के टोंक जिले में निवाई तहसील में गांव करेड़ा खुर्जा में लोगों को कंबल बांटने के मामले में विवाद में आए भाजपा के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने सोमवार को अपनी ओर से इस मामले के बारे में स्थिति स्पष्ट की उन्होंने कहा कि यह मेरा निजी कार्यक्रम था और मैंने अपने कार्यकर्ताओं को ही कंबल देने के लिए बुलाया था लेकिन इस कार्यक्रम में उन महिलाओं और लोगों को कंबल नहीं देना चाहता था जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अच्छी भावना नहीं रखते हैं और उन्हें गालियां देते हैं जब मुझे यह पता चला कि यहां में उन महिलाओं और लोगों को भी कंबल दे दिए जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अच्छी भावना नहीं रखते और उनके लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल करते हैं तो मैंने उन्हें कंबल देना मुनासिब नहीं समझा क्योंकि नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं देश के प्रधानमंत्री हैं और हम उनके खिलाफ बोलने वाले लोगों को कैसे पसंद कर सकते हैं उन्होंने कहा कि मैं उन्हें बुलाया भी नहीं अगर मैं उन्हें बुलाता और फिर उनका तिरस्कार करता तो मेरी गलती मानी जा सकती थी फिर भी अगर मेरे इस कृत्य से किसी की जन भावना को ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए क्षमा चाहता हूं मेरे स्वभाव में किसी की जन भावना को ठेस पहुंचाना नहीं है इस मामले को लेकर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी भाजपा के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की निंदा की है और कहा है कि सांसद जैसे बड़े पद पर रह चुके व्यक्ति के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम में इस तरह से भेदभाव करना शोभा नहीं देता लेकिन पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया का कहना है कि यह मेरा निजी कार्यक्रम था और मैंने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं को ही बुलाया था दूसरी तरफ टोंक जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज टोंक में सभी धर्म और जाति के लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है टोंक जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से आयोजित इस कंबल वितरण कार्यक्रम में सभी धर्म और जाति के गरीब लोगों को बुलाया गया है टोंक जिला कांग्रेस कमेटी का कहना है कि यह कार्यक्रम सुखबीर सिंह जौनपुरिया के उस कार्यक्रम का सीधा जवाब है इसमें उन्होंने कंबल वितरण कार्यक्रम में भी जाति और धर्म पूछ कर लोगों को कंबल बांटे थे लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा धर्मनिरपेक्ष पार्टी रही है और सभी धर्म और जाति के लोगों का सम्मान करती है इसलिए टोंक जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी धर्म और जाति के लोगों को इस कार्यक्रम में कंबल वितरित किए जाएंगे उधर निवाई तहसील के करेड़ा खुर्जा में सुखबीर सिंह जौनपुरिया का लोगों ने भारी विरोध किया है और जौनपुरिया का पुतला जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया है कुल मिलाकर सुखबीर सिंह जौनपुरिया का कंबल वितरण का कार्यक्रम जयपुर से लेकर अब दिल्ली तक चर्चा का विषय बन गया है कांग्रेस पार्टी इस मामले को अब जोर-शोर से उठाने की तैयारी में जुट गई है ।

## सोमवार की आधी रात से प्रदेश में निजी बसों का चक्का जाम : 35000 निजी बस का संचालन बंद, रोजाना 15 लाख यात्री होंगे परेशान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में एक बार फिर से निजी बस संचालक परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ सोमवार की आधी रात से हड़ताल पर जा रहे हैं । इस हड़ताल की वजह से प्रदेश भर में परमिट धारी निजी बस संचालकों ने यात्रियों की बुकिंग बंद कर दी है इस हड़ताल से रोजाना प्रदेश के करीब 15 लाख यात्री परेशान हो सकते हैं हालांकि राजस्थान सरकार और निजी बस आपरेटर यूनियन की ओर से आपस में बातचीत की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है लेकिन अगर बातचीत में समझौता नहीं होता है तो फिर निजी बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले जाएंगे। जिससे एक बार फिर से प्रदेश की यातायात व्यवस्था बाधित हो सकती है निजी बस ऑपरेटर ने साफ कहा है कि आगामी 28 फरवरी को अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो सभा का आयोजन हो रहा है उस सभा के लिए भी हम बस उपलब्ध नहीं करवाएंगे इसलिए सरकार से जुड़े लोग इस हड़ताल को हर हाल में रोकने में लगे हुए हैं निजी बस संचालकों का कहना है कि पिछली बार जब प्रदेश में हड़ताल हुई थी और फिर बाद में सरकार से जो समझौता हुआ था उसके मुताबिक हमने सरकार के कहे अनुसार सभी मापदंड पूरे किए कुछ दिनों तक परिवहन विभाग की कार्रवाई बंद रही लेकिन अब फिर से परिवहन विभाग की ओर से पहले की तरह चेकिंग अभियान शुरू किया जा रहा है और कोई ना कोई बहाना बनाकर बस परमिट को सस्पेंड किया जा रहा है निजी बस संचालकों का कहना है कि पिछली हड़ताल से हमारी आर्थिक व्यवस्था काफी खराब हो गई थी इसके बावजूद सरकार के कहे अनुसार हमने लाखों रुपए खर्च करके बस की बॉडी को नया लुक दिया। सभी तरह के मापदंड पूरी किए लेकिन अब फिर से किसी न किसी नियम का हवाला देकर बस के परमिट को सस्पेंड कर रहे हैं इसलिए हमें मजबूरन हड़ताल पर जाना पड़ रहा है जानकार लोगों का कहना है कि होली धूलंडी का पर्व भी बिल्कुल नजदीक है आने वाले दिनों में कई तरह के प्रमुख त्यौहार आने वाले हैं खाटू श्याम जी का मेला और कई अन्य प्रमुख मेले प्रदेश में आयोजित होंगे ऐसे में यात्रियों के लिए निजी बसों की यह हड़ताल काफी मुश्किलें खड़ी कर सकती है। अगर यह हड़ताल लंबी चली तो फिर यात्रियों का पूरा बोझ रेल प्रशासन के कंधों पर आ जाएगा जिसकी वजह से रेलवे स्टेशनों पर एक तिल रखने की जगह नहीं मिलेगी कई तरह की परेशानियां और कई तरह की चुनौतियों का रेल प्रशासन को भी सामना करना पड़ सकता है इसके अलावा आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में एक बड़ी रैली का आयोजन हो रहा है इस रैली में लाखों की संख्या में लोगों को बुलाया जा रहा है ऐसे में निजी बस संचालकों ने अपनी बस देने से साफ मना कर दिया है इसलिए इस बार निजी बस संचालकों की यह हड़ताल सरकार के लिए भी बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकती है इसके अलावा यात्रियों के सामने तो परेशानी है ही अब देखने वाली बात यह है कि सरकार और निजी बस ऑपरेटर के बीच आपस में समझौता होता है या नहीं और अगर समझौता नहीं होता है तो फिर निश्चित रूप से प्रदेश की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बाधित हो सकती है और कई लोगों के लिए होली के पर्व पर अपने परिवारों से मिलना मुश्किल हो सकता है ।

## सदन में गरजे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और कहा -कांग्रेस सरकार ने शिक्षा का सत्यानाश कर दिया था, टीकाराम जूली से हुई बहस

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधान सभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के बीच आपस में जोरदार बहस देखने को मिली, सदन में बहस के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने शिक्षा का सत्यानाश करके रख दिया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह इंग्लिश मीडियम स्कूल के बोर्ड स्थापित कर दिए गए लेकिन एक भी पद सृजित नहीं किया गया ।उन्होंने कहा कि पिछले सरकार ने स्कूलों को क्रमोनित किया लेकिन पद सृजित नहीं किया जिसकी वजह से बच्चों को टीचर नहीं मिल पाए बच्चे पढ़ नहीं पाए शिक्षा का सत्यानाश करके रख दिया जिस पर टीकाराम जूली ने कहा कि जो सवाल पूछा गया है उसका जवाब तो आया नहीं टीकाराम जूली ने कहा कि अब आप ही बता दो पिछले दो साल में आपने प्रदेश में कितने स्कूलों में विज्ञान संख्याएं खोलें और कितने पद सृजित किए गए जिस पर शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मुझे यह सवाल नहीं पूछा गया है मुझे सिर्फ नसीराबाद में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय के बारे में सवाल पूछा गया है जब पूरे प्रदेश से जुड़ा सवाल मेरे पास आएगा तो मैं उसका भी जवाब दे दूंगा। दिलावर ने कहा कि प्रदेश में 3880 विज्ञान संकाय हैं और हमने 970 विज्ञान संकाय खोल और 970 पद सृजित किया सदन में आज शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पूरे जोश और उत्साह में नजर आए । प्रश्न कल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी सदन में मौजूद रहे गहलोत की उपस्थिति में ही नसीराबाद के विधायक ने नसीराबाद में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय खोलने के बारे में सवाल पूछा था जब दिलावर इस सवाल का जवाब दे रहे थे तभी उनकी टीकाराम जूली से तीखी बहस हुई दिलावर ने जोर देकर कहा कि पिछले कांग्रेस के शासनकाल में शिक्षकों के ट्रांसफर में शिक्षकों को पैसा देना पड़ता था और यह बात खुद यहां सदन में बैठे तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ही शिक्षकों के सम्मेलन में शिक्षकों के मुंह से सुनी थी दिलावर ने सदन में बैठे अशोक गहलोत की ओर इंगित करते हुए कहा कि गहलोत जी आप ही बोलो आपने खुद ही शिक्षकों के मुंह से ट्रांसफर में पैसा देने की बात सुनी थी या नहीं, दिलावर ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य किया है हम स्कूलों को क्रमोन्नति भी कर रहे हैं तो पद भी भर रहे हैं हम बच्चों को अच्छी और गुणात्मक शिक्षा दिलाने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं इसके अलावा स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर को भी पूरी तरह से व्यवस्थित कर दिया है तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के एग्जाम और एग्जाम के परिणाम भी समय पर घोषित किया जा रहे हैं ।

## होली पर मदार-रेवाडी-फुलेरा प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन तक विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-रेवाडी-फुलेरा प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या गाडी संख्या 19617, मदार (अजमेर)-दिल्ली सराय रोहिल्ला प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 24.2.26 से 28.2.26 तक (5 ट्रिप) मदार (अजमेर) से प्रतिदिन 17.10 बजे रवाना होकर रात्री 1.30 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19620,दिल्ली सराय रोहिल्ला- मदार (अजमेर) प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 25.2.26 से 1.3.26 तक (5 ट्रिप) दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रतिदिन से 2.30 बजे रवाना होकर 9.20 बजे फुलेरा पहुँचेगी। यह रेलसेवा पूर्व में निर्धारित ठहरावों के अतिरिक्त पटौदी रोड, गुडगॉव, दिल्ली कैंट व दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 18 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बें होंगे।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं।** सेठ आर.एल. सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा (जयपुर) में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में सुसंपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयभारत सिंह रहे। मुख्य अतिथि डॉ. जयभारत सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा, समर्पण और अनुशासन ही सच्ची शिक्षा का आधार हैं। समारोह में वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. प्रणिता गुप्ता, प्रो. सी.एल. परिहार, सह आचार्य रूबी शर्मा, प्रो. अनंता माथुर एवं प्रो.आशा सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन सत्र के अवसर पर शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं– सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद, रैली, रंगोली, क्विज तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। स्वयंसेवकों ने सातों दिवस की गतिविधियों पर आधारित वीडियो प्रस्तुति दी तथा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस शिविर ने उनमें सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. शिखा पाटनी द्वारा किया गया। सहायक आचार्य व एनएसएस अधिकार संजय सैनी ने विद्यार्थियों को डिजीलॉकर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशीष टांक द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणादायक गीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

## सम्पादकीय

### एआइ बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और



यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, एआइ आधारित तकनीक का बेजा इस्तेमाल करके भयादोहन, डीपफेक से जुड़ी जटिलताएं, डेटा केंद्रों से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव, ज्यादा से ज्यादा डेटा हासिल करके उसका मनमाना उपयोग और उसे नियंत्रण का एक औजार बनाने जैसे सवाल भी सामने खड़े होंगे। इन समस्याओं का हल निकालने पर ही इस तकनीक की साख निर्भर करेगी।



## कहानी

### भगवान श्रीविष्णु का कूर्मावतार

बालमित्रो, सहस्रों वर्ष पुरानी बात है । एक बार देवता और असुरों में युद्ध हुआ । उसमें सभी देवता असुरों से पराजित हो गए । पराजित होने के कारण सभी चिंतित होकर भगवान श्रीविष्णुजी की शरण में गए । सभी देवताओं ने उनके चरणों में प्रणाम कर उनसे प्रार्थना की, "असुरों ने युद्ध में हमें पराजित कर दिया है । आप हमें असुरों पर विजय प्राप्त करने का कोई उपाय बताएं ।" तब भगवान श्रीविष्णुजी ने बताया, "आप सभी समुद्र के तट पर अर्थात किनारे पर जाकर असुरों को समझाएं । मंदार पर्वत और वासुकी नाग को भी वहां बुलाएं । मंदार पर्वत मथनी का काम करेगा और वासुकी नाग रस्सी का कार्य करेंगे । उस समय आप पर्वतों पर मिलनेवाली सभी औषधी वनस्पतियां समुद्र में डालना । इसके लिए आप असुरों के साथ लेकर समुद्रमंथन करना । भगवान श्रीविष्णुजी ने देवताओं से यह भी कहा की, समुद्रमंथन करने पर समुद्र से अमृत उत्पन्न होगा । उसे प्राशन कर आप सभी अमृतशक्ति प्राप्त कर अमर हो जाएंगे । आप सभी देवगण शक्तिशाली बन जाओगे । अमृत की शक्ति के कारण ही आप असुरों को पराजित कर सकेंगे। श्रीविष्णुजी का मार्गदर्शन सुनकर देवताओं ने उनको प्रणाम किया और वैकुंठ से समुद्रतट पर जा पहुंचे । देवताओं ने असुरों को समझाया और उसके बाद समुद्रमंथन की तैयारी आरंभ हुई । समुद्रमंथन में जो मंदाराचल पर्वत मथनी का काम करनेवाला था, उसे निकालकर समुद्र में लाया गया । श्रीविष्णुजी की आज्ञा से रस्सी का काम करनेवाले वासुकी नाग भी वहां आ गए । श्रीविष्णुजी स्वयं वहां उपसथित थे । देवता और असुरों ने श्रीविष्णुजी से प्रार्थना की, "हे भगवन्, आप हमें इस समुद्रमंथन में सफल होने का आशीर्वाद दें ।" उसके उपरांत समुद्रमंथन आरंभ हुआ । भगवान श्रीविष्णुजी ने असुरों को वासुकी नाग के मुख की ओर और देवताओं को पूंछ की ओरखडा किया । मंथन आरंभ तो हुआ परन्तु नीचे आधार ने होने के कारण मंदराचल पर्वत समुद्र में डूबने लगा । सभी देवता और असुरों ने देखा की इतने कठिन प्रयास करने के बाद भी सारे प्रयत्न विफल हो रहे हैं । आगे क्या करें यह उनके ध्यान में नहीं आ रहा था । तब श्रीविष्णुजी समझ गए कि अब देवताओं की रक्षा हेतु उन्हें कुछ करना होगा । तब भगवान ने अत्यंत विशाल और विस्मयकारक कूर्म अर्थात कछुए का रूप धारण किया । उन्होंने समुद्र के पानी में प्रवेश कर मंदराचल पर्वत को अपने पीठ पर लेकर ऊपर उठाया । देवताओं ने और असुरों ने मंदराचल को ऊपर आया देखा और वे उत्साह से मंथन के लिए सिद्ध हो गए । मंदराचल पर्वत 1 लाख योजन अर्थात 15 लाखकिलोमीटर बडा था । तो उसे पीठ पर लेनेवाले भगवान का कूर्म अवतार कितना बडा होगा यह ध्यान में आया न  जब देवता और असुर अपने बाहुबल से मंदराचल पर्वत घुमा रहे थे, तो अतिशक्तिशाली आदि कूर्म भगवान को पर्वत का घूमना पीठ को खुजलाने जैसे लग रहा था । देवता और असुर इतने बलशाली थे; परंतु उनकी शक्ति पर्वत हिलाने के लिए कम पड रही थी । तो परम कृपालु भगवान ने असुरों की शक्ती और बल बढाने के लिए उनको सहायता भी की । भगवान ने अपने सहस्र हाथों से मंदराचल पर्वत को दबाकर पकड लिया । उस समय आकाश से ब्रह्मदेव, शंकर, इंद्र आदि ने उनकी स्तुति की और उनपर दिव्य पुष्पवृष्टि की । इस प्रकार भगवान ने सभी को शक्तिसंपन्न कर उत्साहित किया और सब मंदराचल की सहायता से समुद्रमंथन करने लगे । देवता और मनुष्यजाति के उद्धार के लिए भगवान श्रीविष्णु ने धारण किया

# ट्रंप के लिए आपदा और दूसरों को अवसर

*फैसले का सीधा प्रभाव यह है कि आइईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ हटने से अमेरिका का औसत लागू टैरिफ स्तर अचानक घट गया और अब उन अरबों डालर की वसूली पर कानूनी सवाल उठ गया है जो पिछले साल इन शुल्कों के रूप में जमा किए गए थे। ध्यान रहे कि यही आईईपीए टैरिफ ट्रंप के तथाकथित लिबरेशन डे अभियान की धुरी थे, जिसकी आड़ में उन्होंने चीन से लेकर कनाडा, यूरोप, जापान और भारत तक लगभग हर साझेदार पर दबाव बनाया। विभिन्न आर्थिक आकलनों के अनुसार इन टैरिफों की वापसी से 150-175 अरब डालर तक के रिफंड दावों की प्रक्रिया शुरू हो सकती है, जो पहले से बढ़ते राजकोषीय घाटे के बीच ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक और आर्थिक सिरदर्द बन सकती है। इस तरह अदालत ने सिर्फ एक कानूनी व्याख्या नहीं दी, बल्कि व्हाइट हाउस की टैरिफ से आर्थिक उगाही और उसे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाली नीति के स्तंभ को हिला दिया है। फैसले के तुरंत बाद ट्रंप ने जवाबी पहल करते हुए ट्रेड एक्ट, 1974 की धारा 122 के तहत नया दांव चला और सभी देशों से आने वाले आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त वैश्विक सरचार्ज की घोषणा कर दी, जिसे अगले ही दिन बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को 'हास्यास्पद, बेहद खराब तरीके से लिखा गया और असाधारण रूप से अमेरिका-विरोधी' कहकर न सिर्फ न्यायालय की वैधता पर हमला बोला, बल्कि यह संकेत भी दिया कि वे किसी भी संस्थागत अंकुश को राजनीतिक संघर्ष में बदल देंगे।*




टैरिफ को अपना नीतिगत हथियार मानने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी के एक फैसले में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां कानून यानी आइईपीए के जरिये लगाए गए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया। शीर्ष अदालत के इस निर्णय को हाल के दौर में व्हाइट हाउस की आर्थिक शक्तियों पर सबसे बड़े संस्थागत अंकुश के रूप में देखा जा रहा है।

यह सिर्फ कुछ आयात शुल्कों को रद करने का मामला नहीं, बल्कि उस वैचारिक ढांचे पर चोट है, जिसके जरिये अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह मान लिया था कि वे अपनी मनमानी से वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नए सिरे से तय कर सकते हैं। हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका के साथ भारत की घटी तनातनी के संदर्भ में भी अमेरिकी अदालत का यह निर्णय राहत के साथ पेचीदगी और चुनौतियां भी प्रस्तुत करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि टैरिफ लगाना 'टैक्स' लगाने के दायरे में आता है और अमेरिकी संविधान यह शक्ति कांग्रेस को देता है, न कि राष्ट्रपति को। अदालत ने यह दलील भी खारिज कर दी कि व्यापार घाटा या फेंटानिल की तस्करी जैसे मुद्दे इतनी व्यापक और स्थायी आपात स्थिति हैं कि आइईपीए के तहत दुनिया के लगभग हर देश पर 10 से 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगा दिया जाए।

फैसले का सीधा प्रभाव यह है कि आइईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ हटने से अमेरिका का औसत लागू टैरिफ स्तर अचानक घट गया और अब उन अरबों डालर की वसूली पर कानूनी सवाल उठ गया है जो पिछले साल इन शुल्कों के रूप में जमा किए गए थे।

ध्यान रहे कि यही आईईपीए टैरिफ ट्रंप के तथाकथित लिबरेशन डे अभियान की धुरी थे, जिसकी आड़ में उन्होंने चीन से लेकर कनाडा, यूरोप, जापान और भारत तक लगभग हर साझेदार पर दबाव बनाया। विभिन्न आर्थिक आकलनों के अनुसार इन टैरिफों की वापसी से 150-175 अरब डालर तक के रिफंड दावों की प्रक्रिया शुरू हो सकती है, जो पहले से बढ़ते राजकोषीय घाटे के बीच ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक और आर्थिक सिरदर्द बन सकती है। इस तरह अदालत ने सिर्फ एक कानूनी व्याख्या नहीं दी, बल्कि व्हाइट हाउस की टैरिफ से आर्थिक उगाही और उसे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाली नीति के स्तंभ को हिला दिया है।

फैसले के तुरंत बाद ट्रंप ने जवाबी पहल करते हुए ट्रेड एक्ट, 1974 की धारा 122 के तहत नया दांव चला और सभी देशों से आने वाले आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त वैश्विक सरचार्ज की घोषणा कर दी, जिसे अगले ही दिन बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को 'हास्यास्पद, बेहद खराब तरीके से लिखा गया और असाधारण रूप से अमेरिका-विरोधी' कहकर न सिर्फ न्यायालय की वैधता पर हमला बोला, बल्कि यह संकेत भी दिया कि वे किसी भी संस्थागत अंकुश को राजनीतिक संघर्ष में बदल देंगे। हालांकि धारा 122 आइईपीए की तरह असीमित गुंजाइश प्रदान नहीं करती।

इसके तहत अधिकतम 15 प्रतिशत तक ही शुल्क लगाया जा सकता है और इसकी अवधि भी150 दिन तक सीमित है। इतना ही नहीं, उसे बढ़ाने के लिए कांग्रेस की स्वीकृति भी आवश्यक है। इस तरह धारा 122 के तहत लगा यह 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ 24 फरवरी से लागू होकर जुलाई के अंत तक स्वतः समाप्त हो जाएगा, जब तक कि कांग्रेस उसे आगे न बढ़ाए। यह समयसीमा अमेरिकी मध्यावधि चुनाव अभियान के बीच पड़ाव से गुजरती है। इस दौर में मामूली बहुमत और कड़े मुकाबले वाले राज्यों में रिपब्लिकन नेताओं के लिए ऊंचे टैरिफ का बचाव करना आसान नहीं होगा।

नई परिस्थितियों में ट्रंप प्रशासन धारा 232 (राष्ट्रीय सुरक्षा) और धारा 301 (भेदभावपूर्ण या अनुचित व्यापार व्यवहार) जैसे प्रविधानों के सहारे नए टैरिफ ढांचे की बात कर रहा है। हालांकि इस राह में विस्तृत जांच, तकनीकी रिपोर्ट और न्यायिक समीक्षा जैसी बाधाएं भी हैं। इसका यही अर्थ है कि अब एकाएक किसी इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से सौ प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने का दौर गया-बीता हो गया है।

इस फैसले का सबसे दूरगामी असर उन द्विपक्षीय और मिनी-डील्स जैसे समझौतों पर पड़ेगा जो ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ की धमकी देकर कराई थीं। इस क्रम में ब्रिटेन, जापान, भारत, थाईलैंड, वियतनाम जैसे देशों ने ऊंचे टैरिफ से छूट पाने के लिए कृषि, ऊर्जा, डिजिटल व्यापार और नियमन में महत्वपूर्ण रियायतें दीं। अब जब टैरिफ को ही गैरकानूनी बता दिया गया है तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि ऐसे समझौते कितने वैध और टिकाऊ हैं। इस स्थिति को 'लेवरेज संकट' कहा जा सकता है, जहां अमेरिकी पक्ष की ताकत कम होते ही साझेदार देशों के लिए सौदों की पुनर्समीक्षा का अवसर खुल गया है।

भारत के लिए तात्कालिक गणित सकारात्मक दिखता है। फरवरी की शुरुआत में जो अंतरिम व्यवस्था बनी थी, उसके तहत भारत पर लगने वाला प्रभावी टैरिफ स्तर 18 प्रतिशत माना जा रहा था। अब 15 प्रतिशत का वैश्विक टैरिफ लागू होने का अर्थ यह है कि भारत पर भी यही दर लागू होगी और कई उत्पादों पर पूर्व की तुलना में कुछ राहत मिलेगी। इससे भारतीय निर्यातकों विशेषकर रत्न-आभूषण, वस्त्र, इंजीनियरिंग वस्तुओं एवं वाहन कलपुर्जों आदि के लिए अमेरिकी बाजार में आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है।

# जाति विभाजन की गहरी होती दरारें

*उस निर्णय ने हिंदू समाज को वैचारिक और सामाजिक स्तर पर बुरी तरह विभाजित कर दिया। तब मंडल आयोग के विरोध में लगभग समूचा उत्तर भारत सुलग उठा था और सवर्ण समुदाय के युवाओं को अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत होने लगा था। मंडल आयोग द्वारा पैदा की गई इस सामाजिक खाई को बाद की राजनीति ने पाटने के बजाय और अधिक गहरा ही किया है। जब समाज ने सरकारी नौकरियों में पिछड़ों के आरक्षण को धीरे-धीरे स्वीकार करना शुरू किया, तभी वर्ष 2006 में मनमोहन सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों के दाखिले में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रविधान कर दिया। इस निर्णय के विरोध में छात्र एक बार फिर सड़कों पर उतर आए, जिससे सामाजिक विभाजन की दरारें और चौड़ी हो गईं। आज जब देश इन पुराने संघर्षों की स्मृतियों से उबर ही रहा था, तभी यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों ने भारतीय*

उच्च शिक्षा परिसरों में समता लाने के नाम पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल में जारी दिशा-निर्देशों ने न केवल जाति विमर्श को चर्चा के केंद्र में ला दिया है, बल्कि हिंदू समाज एक बार फिर जातीय खांचों में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास के कारण जाति विभाजन की जो रेखाएं समय के साथ धुंधली पड़ने लगी थीं, वे अब पुनः गहरी होती दिखाई दे रही हैं। वर्तमान परिस्थितियां मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद उत्पन्न हुए उस दौर की याद दिला रही हैं, जब हिंदू समाज स्पष्ट रूप से विभाजित हो गया था। आज समाज फिर उसी राह पर अग्रसर दिख रहा है। जाति के आधार पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले कुछ दल छात्रों के बीच इस विमर्श को हवा दे रहे हैं, ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। इसके विपरीत, सवर्ण समाज भी अपने हितों की रक्षा के लिए छात्रों को लामबंद करने में पूरी शक्ति से जुटा हुआ है। यदि यूजीसी के इन दिशा-निर्देशों का कोई सर्वसमावेशी और सर्वमान्य हल नहीं खोजा गया, तो इसका सीधा असर भविष्य की राजनीति पर पड़ेगा। इससे न केवल सामाजिक समरसता प्रभावित होगी, बल्कि व्यापक हिंदू एकता का लक्ष्य भी संकट में पड़ सकता है। जहां सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जातिगत विभाजन की दीवारों को कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे पुनः उभारने में सफल रही है। पिछड़ी जातियों के उत्थान के नाम पर जाति विमर्श को सत्ता के केंद्र में लाने का मुख्य श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है। उन्होंने 1990 में चौधरी देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दिया। उस निर्णय ने हिंदू समाज को वैचारिक और सामाजिक स्तर पर बुरी तरह विभाजित कर दिया। तब मंडल आयोग के विरोध में लगभग समूचा उत्तर भारत सुलग उठा था और सवर्ण समुदाय के युवाओं को अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत होने लगा था। मंडल आयोग द्वारा पैदा की गई इस सामाजिक खाई को बाद की राजनीति ने




पाटने के बजाय और अधिक गहरा ही किया है। जब समाज ने सरकारी नौकरियों में पिछड़ों के आरक्षण को धीरे-धीरे स्वीकार करना शुरू किया, तभी वर्ष 2006 में मनमोहन सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों के दाखिले में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रविधान कर दिया। इस निर्णय के विरोध में छात्र एक बार फिर सड़कों पर उतर आए, जिससे सामाजिक विभाजन की दरारें और चौड़ी हो गईं। आज जब देश इन पुराने संघर्षों की स्मृतियों से उबर ही रहा था, तभी यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों ने भारतीय समाज को पुनः एक गहरे अंतर्द्वंद्व और सामाजिक संघर्ष के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। यद्यपि यह संघर्ष अभी सार्वजनिक रूप से सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इस वैचारिक उबाल की चपेट में हैं। वर्तमान में शैक्षणिक परिसर दो स्पष्ट गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं-एक तरफ इस गाइडलाइन के प्रबल समर्थक हैं, तो दूसरी तरफ इसके तीखे विरोधी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 27 जून, 1961 को सभी मुख्यमंत्रियों के नाम एक विस्तृत पत्र लिखा था। इस पत्र में नेहरू जी ने वर्तमान जाति-आधारित आरक्षण की व्यवस्था को एक प्रकार से नकार दिया था। वे आरक्षण-आधारित विकास के स्थान पर एक 'ज्ञान-केंद्रित समाज' का निर्माण करना चाहते थे। नेहरू जी ने स्पष्ट शब्दों में लिखा था: 'मुझे किसी भी रूप में आरक्षण पसंद नहीं है, विशेषकर नौकरियों में आरक्षण। मैं ऐसे किसी भी कदम के विरुद्ध हूं जो अक्षमता को बढ़ावा देता है और हमें औसत दर्जे की ओर ले जाता है।' नेहरू का मानना था कि यदि हमें देश को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाना है, तो हमें योग्यता को प्राथमिकता देनी होगी। विडंबना यह है कि यदि यूजीसी की वर्तमान गाइडलाइन का विरोध करने वाले लोग आज पंडित नेहरू के इन शब्दों को दोहराएं, तो उन्हें तुरंत 'सामाजिक न्याय' का विरोधी करार दे दिया जाएगा।

# बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ

दिल्ली पुलिस की ओर से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए आठ संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में जिस तरह यह जानकारी सामने आई कि वे देश की राजधानी में किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे, उससे यही पता चलता है कि आतंकी संगठनों का दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु और बंगाल से जो आतंकी गिरफ्तार किए गए, उनमें से अधिकांश बांग्लादेशी हैं, लेकिन वे पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के इशारे पर काम कर रहे थे। उनका हैंडलर बांग्लादेश में बैठा एक कुख्यात कश्मीरी आतंकी बताया जा रहा है। इसका मतलब है कि बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी



संगठनों के बीच साठगांठ कायम हो गई है। यह एक नया खतरा है और इससे भारत की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के आतंकी तत्वों के बीच साठगांठ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में तब हुई, जब मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का संचालन कर रहे थे। यह किसी से छिपा नहीं कि इस दौरान उन्होंने न केवल अपने देश के भारत विरोधी कट्टरपंथी तत्वों को उकसाने का काम किया, बल्कि पाकिस्तान से संबंध बढ़ाने में भी जुटे रहे। हैरानी नहीं कि इस सबके चलते पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सरगना बांग्लादेश पहुंचे हों। जो भी हो, भारत की सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि कश्मीर के बहाने आतंकी तत्वों को बहकाने और उकसाने का काम जारी है। दिल्ली पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकियों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता में भारत विरोधी पोस्टर चस्पा किए थे। इन पोस्टरों की छानबीन के तहत ही दिल्ली पुलिस संदिग्ध आतंकियों तक पहुंची। ध्यान रहे कि कुछ महीने पहले दिल्ली में लालकिले के निकट धमाका करने वाले आतंकी के साथियों ने भी इसी तरह श्रीनगर में भारत के खिलाफ पोस्टर लगाए थे। श्रीनगर में लगाए गए पोस्टरों की छानबीन से ही फरीदाबाद के उस आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें कई डाक्टर शामिल थे और जिनमें से एक ने आत्मघाती हमलावर बनकर लालकिले के निकट कार में विस्फोट किया था। ये दोनों घटनाएं यही बताती हैं कि पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और उनकी गहन जांच भी करनी चाहिए।

## चाकसू में राजकीय महाविद्यालय सुविधाओं से वंचित

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निसं.)** चाकसू के नेशनल हाईवे 52 गरुड़वासी बायपास कट के पास संचालित राजकीय महाविद्यालय इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार है। नए भवन में संचालित कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने दोनों ओर गहरे गड्ढे और गुजरता नाला विद्यार्थियों के लिए खतरा बना हुआ है। बारिश के दिनों में यहां पानी भर जाने से हालात और गंभीर हो जाते हैं, जिससे कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सरिता जैन ने बताया कि मुख्य गेट के बाहर विद्यार्थियों व उनके परिजनों के लिए वाहन पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में महाविद्यालय आने वाले परिजनों को बाहर वाहन खड़े करने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है समस्या को लेकर स्थानीय विधायक सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समाधान अब तक नहीं हो पाया है। कॉलेज में कंप्यूटर शिक्षा, पर्याप्त फर्नीचर और स्टाफ की कमी भी बनी हुई है। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई, 12 सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को धौलपुर जिले के सरमथुरा क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की प्रवर्तन टीम द्वारा सघन कार्रवाई की गई। प्रवर्तन दल ने सरमथुरा शहर स्थित तीन प्रतिष्ठानों—मलाई मिष्ठान भंडार, लियाकत स्वीट एंड लस्सी तथा शर्मा होटल पर आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान इन प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। टीम ने मौके से कुल 12 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं गैस भट्टियां जब्त कीं। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल करना आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। संबंधित संचालकों को घरेलू गैस का अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है तथा प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग, अवैध भंडारण, विक्रय एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी गजेंद्र बाबू शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेंद्र गोदवाल सहित टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग संबंधी जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बलाई समाज ने जताई खुशी

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निसं.)।** राजस्थान से पहली बार एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बलाई समाज के लिए गर्व की बात है। विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बलाई विकास समिति जयपुर ( मुख्यालय-चौमूं ) के संरक्षक व सेवानिवृत बीएसएनएल मुख्य पर्यवेक्षक रामकिशोर राय, सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर केआर बुनकर, समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, शंकरलाल सरावता, सेडूराम मेदवाल, उप महासचिव हनुमान सहाय झांटीवाल, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लूनिवाल, गोपालचंद सोंगण, सचिव राजेंद्र प्रसाद काला, सांवरमल छेड़वाल, गोपाल लाल बुनकर, मूलचंद बॉयला, प्रहलाद राय जाटावत, सुभाषचंद गोरासरा, संगठन सचिव कैलाशचंद कालोया, मुकेश कुमार कालोया, गोपीराम मेहरड़ा, हरिनारायण मरोडिया, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार रोजड़ा, कार्यकारी सदस्य घीसालाल बबेरवाल, चौथमल जाटावत, मूलचंद राय, कालूराम किरोड़ीवाल, गुलाबनाथ बुढगाया, सूर्य प्रकाश बाणिया, गोपाल लाल देवठिया, कैलाशचंद लाखीवाल, फूलचंद सिंगल, पूरणमल बबेरवाल, तुलसीराम बामणिया, समाजसेवी सुरेश कुमार महरिया, लालाराम महरडा, मनीष बिदावत, जालसू पंचायत समिति सदस्य व अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात कांग्रेस सचिव सुनीता वर्मा, रामगोपाल छापोला, समाजसेवी सायरचंद बुनकर, मिलाप चंद नारनोलिया, हाथनोदा ग्राम इकाई अध्यक्ष राहुल कुमार वर्मा सहित सभी बलाई समाज बंधुओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष जताया।

## तारानगर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के 50 हजार रूपये करवाये रिफण्ड

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर थाने के कॉस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने साईबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये साइबर फ्रॉड के हुए 50 हजार रूपये की राशि वापिस परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाई। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि 08 दिसम्बर 2025 को कस्बे के कुलवन्त चौधरी ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवायी कि उसके पास नासिर नाम के एक अनजान आदमी का फोन आया और कहा कि मेरा कज़िन भाई जो कोलकाता में रहता है जो एक्सीडेंट में घायल हो गया है और हॉस्पिटल में भर्ती है। मैंने अपने भाई को फोन किया लेकिन उसका फोन बंद था। फिर नासिर ने मुझसे 100,000 रुपये भेजने को कहा। मैं डर गया और उसके अकाउंट में 50,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में मुझे पता चला कि यह एक फ्रॉड कॉल था। फिर उसने पैसे वापस करने का वादा किया लेकिन बाद में उसने मुझे ब्लॉक कर दिया है वगैरा वगैरा प्राप्त हुई। जिस पर साईबर पोर्टल पर परिवाद दर्ज की गई। परिवादियों द्वारा साईबर पोर्टल पर दर्ज करवाई गई परिवाद पर कॉस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने साईबर पोर्टल पर प्राप्तशुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी से जांच कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई राशि को ट्रेस कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुये परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई 50 हजार रूपये की राशी हॉल्ड करवाई एवं राशी परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाई।

# 10 लाख रूपये की नकबजनी की वारदात का दिहौली पुलिस ने एक सप्ताह में किया पर्दाफाश

### वारदात का मुख्य सरगना दीपेन्द्र त्यागी के साथ 4 अन्य गिरफ्तार

### गिरफ्तार अभियुक्तों से करीब 10 लाख के सोने के गहनों को किया बरामद

जयपुर टाइम्स




**भरतपुर(निसं.)** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई के मार्गदर्शन में धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस, वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना दिहौली राहुल कुमार प्रशिक्षु आरपीएस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनांक 10 फरवरी 2026 की रात्रि में गांव पहाडी में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य सरगना दीपेन्द्र त्यागी सहित 4 अन्य को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी किये गये माल व अन्य करीब 10 लाख रूपये के सोने के गहनों को बरामद किया गया है। घटना विवरण दिनांक 11 फरवरी 2026 को प्रार्थी जुगुनू पुत्र कम्बोद त्यागी निवासी पहाडी थाना दिहौली ने थाना पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय पेश की। कि दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रार्थी जुगुनू एवं उसके परिवारीजन घर पर ताला लगाकर शादी समारोह में गये हुए थे। अगले दिन सुबह आकर घर का ताला खोला तो पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा घर के चौक में छत पर लगे लोहे के जाल को छत से उखाड़कर घर में प्रवेश कर कमरे में रखी अलमारी में से सोने के गहने सोने की लर (चेन), अंगूठियां, झुमकी व पैन्डल चोरी कर ले गये। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान प्रकरण में माल व मुल्जिमों की तलाश की गई। घटनास्थल से बीटीएस का संकलन किया गया व मौके पर एमओबी एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन किया गया। सदिग्धों की सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। घटना स्थल के आस-पड़ोस संदिग्ध स्थानों पर अज्ञात मुल्जिमों की घूमने के बारे में जानकारी की गई। आस-पास के सीसीटीवी कैमरों से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर विश्लेषण किया गया एवं संदिग्धों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात संदिग्धों को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद जुर्म कबूल करने पर वारदात का खुलासा कर मुल्जिमों को गिरफ्तार किया जाकर गिरफ्तार आरोपियों से चोरी किये गये गहनों को बरामद किया गया है। वारदात के खुलासे में हेड कांस्टेबल कुशल पाल व कांस्टेबल मनोज की विशेष भूमिका रहीं। वारदात करने का तरीका- गिरफ्तार अभियुक्त गांव पहाड़ी के रहने वाले है। जिन्होंने अपने गांव के ही सूने मकान को रैंकी कर वारदात को अंजाम दिया है। मुख्य आरोपी दीपेन्द्र त्यागी जो प्रार्थी के घर पर आता जाता रहता था व उसकी गतिविधियों की जानकारी रखता था। दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रार्थी व उसके परिवारीजन अपनी रिश्तेदारी में अपने मकान का ताला लगाकर शादी में शामिल होने के लिये गये हुए थे। आरोपी दीपेन्द्र त्यागी को इसकी जानकारी थी तो उसने अपने सूने मकान को निशाना बनाने के लिये अपने साथियों से सम्पर्क किया तथा गांव के पास स्थित एक ढाबा पर बैठकर प्लान बनाया। जिसमें दो आरोपी सचिन उर्फ सतेन्द्र एवं दीपक उर्फ दीपू को प्रार्थी पर शादी समारोह में निगरानी रखने और वापिस लौटते समय होर्न बजाकर सूचित करने की जिम्मेदारी दी गई तथा आरोपी दीपेन्द्र, हरिओम उर्फ लुक्का, शैलेन्द्र उर्फ शैलू ने ढाबा से गांव पहाडी पहुंचकर अपने मोबाइलों को घर पर रखकर हाथों में दस्ताने पहनकर प्रार्थी के घर के पीछे झाडियों में होकर पड़ोस के मकान पर चढ़कर प्रार्थी के घर की छत पर पहुंचे और चौक में लगे लोहे के जाल को उखाड़कर अन्दर घर में प्रवेश कर अलमारी में रखे सोने के गहनों को चोरी करके ले गये।

## स्वच्छता के प्रति सख्त रुख - कचरा फैलाने पर नगर पालिका की प्रभावी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)** उपखंड के बाडी नगर पालिका बाड़ी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु सख्त अभियान चलाया जा रहा है। बाड़ी उपखंड अधिकारी एवं प्रशासक भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा (ईओ) के नेतृत्व में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में महाराज बाग क्षेत्र स्थित एक दुकान द्वारा दुकान का कचरा सार्वजनिक सड़क पर डाले जाने की शिकायत प्राप्त होने पर नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदार पवन शिसोदिया पर 500रू का जुर्माना लगाया गया। अधिशाषी अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा डालना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि शहर की स्वच्छता एवं आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा पूर्व में भी व्यापारियों एवं नागरिकों को निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालने हेतु जागरूक किया गया है, इसके बावजूद लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध अब सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे नगर पालिका के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें, कचरा सड़क पर न डालें तथा डोर-टू-डोर कलेक्शन या निर्धारित कचरा पात्र का ही उपयोग करें। नगर पालिका बाड़ी का स्वच्छता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और शहर की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## श्री खाटूश्याम की रथ - यात्रा एवं नगर भ्रमण का हुआ भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** श्री लोंगपुर कैलाश धाम मंदिर परिसर, रणछोड़ नगरी धौलपुर में श्री खाटू श्याम बाबा के पावन मंदिर के निर्माण के उपरांत मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा की पावन मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 27 फरवरी, 2026 तक आयोजित हो रहा है। उक्त आयोजन के अंतर्गत सोमवार को श्री खाटू श्याम जी की शोभा यात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया गया द्व शोभा यात्रा प्रातः 10 बजे श्री गणेश मंदिर, भार्गव वाटिका से प्रारंभ होकर गुलाब बाग, मयूरी हॉस्पिटल होते हुए बस स्टैंड एवं संतर रोड, तोप चौराहा, पुरानी सब्जी मंडी, लाल बाज़ार, जगन चौराहा, हरदेव नगर, घंटाघर रोड, वाटर वर्क्स चौराहे से होते हुए श्री लोंगपुर सिद्ध बाबा कैलाश धाम पहुंची द्व आचार्य मुरारीलाल शर्मा द्वारा श्री खाटू श्याम जी का पूजन-अर्चन करने के उपरांत उपस्थित अतिथियों प्रो. राम अख्त्यार सिंह जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं पुरुषोत्तम शर्मा विभाग प्रौढ़ प्रमुख द्वारा यात्रा को केसरिया झंडा दिखाकर आरंभ किया ।

रथ यात्रा में महिलाओं ने कलश धारण कर पदयात्रा की एवं सैकड़ों श्याम प्रेमी श्याम भजनों पर नाचते गाते यात्रा में शामिल हुए द्व यात्रा मार्ग में डॉ. रामवतार अग्रवाल एवं डॉ. रेनू अग्रवाल, लज्जाराम एंड संस प्रतिष्ठान, डॉ. बी.डी. जिंदल, ओमप्रकाश बर्तन भण्डार, शिवम् वस्त्र भण्डार, बाड़ी ट्रेडर्स, नितिन अग्रवाल अध्यक्ष श्री रणछोड़धाम विकास समिति, भोला मिष्ठान भण्डार, राजू गुर्जर आदि ने सपरिवार यात्रा का भव्य स्वागत कर श्री श्याम बाबा की पूजा और पुष्प वर्षा की यात्रा में संत समाज की और से संत पागल बाबा, महंत हनुमानदास, महंत कृष्णदास, महंत रतन गिरी महाराज, महंत श्री रणछोड़ बाबा, महंत रामदास भागवताचार्य योगेश कृष्ण शास्त्री एवं विष्णु भारती उपस्थित रहे रथ यात्रा में श्री लोंगपुर धाम विकास समिति से अध्यक्ष राजबहादुर सिंह सिकरवार, सचिव महाराज सिंह चाहर, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सदस्य कन्हैयालाल गुप्ता, कन्हैयालाल वैध्य, शिवशंकर अग्रवाल, रमेश भानु, राकेश ललिया, जवाहर लाल, प्रवीण सक्सेना, रामसेवक शर्मा, सौरभ अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, उमेश चंद बाथम, ब्रिजेन्द्र सिंह परमार, रवि त्यागी, मदन बाथम, टीकम सिंह चाहर, मिठ्ठन शर्मा, गोविन्द सिकरवार आदि उपस्थित रहेद्व आयोजन का संचालन कर रहे डॉ. प्रकाश दीप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पांच दिवसीय आयोजन 27 फरवरी तक रहेगा एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद 27 फरवरी को श्री लोंगपुर धाम पर भंडारा एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा।

## गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चयनित जालोर ब्लॉक में 1.5 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी

### शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास में विभिन्न संसाधनों की होगी उपलब्धता

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निसं.)** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चयनित जालोर ब्लॉक के विकास के लिए 1.5 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चयनित जालोर ब्लॉक में शिक्षा विभाग को 62 लाख 80 हजार रूपये, महिला एवं बाल विकास विभाग जालोर को 56 लाख व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर को 31 लाख 20 हजार की राशि विभिन्न संसाधनों के उपापन व क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। जिसके तहत शिक्षा विभाग में 62 लाख 80 हजार की राशि से स्मार्ट क्लास रूप के लिए आईएफपीडी सेट व प्रोजेक्टर सेट लगाए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग में 56 लाख की राशि से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में फर्नीचर व आईसीटी (स्मार्ट टीवी) आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए व्यय किए जाएंगे।

इसी प्रकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 31 लाख 20 हजार की राशि से प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, आईईसी एवं कार्यशाला, बीपी मशीन, स्टेथेस्कॉप, फेटोस्कॉप, वेइंग मशीन (वजन तौलना), थर्मामीटर, एचबी (डिजिटल), ग्लूकोमीटर, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप्स, शार्प डिस्पोजल कंटेनर, इनफेन्ट वेइंग स्केल, ऑटोक्लेव, रेडियंट वार्मर, सक्शन मशीन, मल्टीपर मीटर पेशेंट मॉनीटर, अब्स्टेट्रिक्स लेबर टेबल, स्पुतम कलेक्शन कंटेनर, लेबर टेबल, क्रेश कार्ड ट्रोली, बकेट ट्रोली व ऑटोक्लेव फॉर लेबर रूम आदि संसाधानों का उपापन व क्रियान्वयन किया जायेगा।

## आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने लिव-इन रिलेशनशिप पर पेश किया प्राइवेट बिल, 18 से 25 उम्र के बीच शादी पर माता-पिता की अनिवार्य अनुमति की उठाई मांग

जयपुर टाइम्स

**जालोर.(निसं.)** आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विधानसभा सत्र की कार्यवाही के दौरान पर्ची के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए युवक-युवतियों द्वारा माता-पिता की अनुमति के बिना घर से भागकर लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेक युवक-युवतियाँ बिना अभिभावकों की सहमति के भावनात्मक आवेश में निर्णय लेकर साथ रहने लगते हैं, जिससे कई बार सामाजिक तनाव, पारिवारिक विघटन तथा युवाओं की सुरक्षा से जुड़े गंभीर प्रश्न उत्पन्न होते हैं। विधायक राजपुरोहित ने कहा कि कम आयु में लिए गए ऐसे निर्णय भविष्य में कानूनी और सामाजिक जटिलताओं को जन्म देते हैं तथा कई मामलों में बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श कर उपयुक्त विधिक प्रावधान करने की मांग की।उन्होंने प्रस्ताव रखा कि 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों के प्रेम विवाह एवं लिव-इन रिलेशनशिप के लिए माता-पिता की अनिवार्य अनुमति का अधिनियम लाया जाए, जिससे अभिभावकों की भूमिका सुनिश्चित हो,

## पावटा में लखदातार ग्रुप का दूसरा विशाल सेवा शिविर शुरू, बाबा श्याम की भव्य झांकी के साथ विशेष पूजा



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** कस्बे में सामाजिक सेवा और धार्मिक आस्था का अनुपम संगम उस समय देखने को मिला जब लखदातार ग्रुप पावटा के तत्वावधान में दूसरे विशाल सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मंगलदास जी महाराज टोरडा धाम एवं मोहनदास महाराज गोपाल भैया मंदिर के संतों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम की भव्य एवं आकर्षक झांकी सजाई गई तथा विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। यह सेवा शिविर विशेष रूप से श्याम जी के भक्तों के लिए आयोजित किया गया है, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प दोहराया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जगदीप धनकड, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता महेश यादव, युवा नेता यादराम यादव, मुंशीलाल सैनी भांकरी, विक्रम सैनी, सुभाष जाट, मुकेश शर्मा, कृष्ण यादव बावड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंह सिसोदिया, रामेश्वर यादव, चंदा राम निठारवाल, अर्जुन लाल सैनी, सुरजन लाल सैनी, विनोद सिंह शेखावत, जितेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र यादव, राम लखन यादव, राहुल जांगिड़, खोलेन्द्र योगी, रवि सैनी, शीशराम सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि सेवा शिविर के दौरान विभिन्न जनसेवी गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे श्याम भक्तों के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद वर्ग को भी लाभ पहुंचाया जाएगा।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म का चौमूँ में विरोध, सिद्धांत को विशेष निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निसं.)।** बॉलीवुड की स्तुति फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के विरोध को लेकर यादव समाज एकजुट हुआ। विश्व यादव परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में सभी समाज बंधुओं ने उपखण्ड कार्यालय चौमूं के सहायक उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ को मनोरंजन के लिए बनी फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के नाम पर रोक लगाने की अनुमति दी। प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि जिस समाज ने देश की रक्षा के लिए अपना लहू बहाया, उसका गौरवशाली इतिहास भगवान श्रीकृष्ण और वीर अहीरों की वीरता से गौरवान्वित है, उसे आज कुछ लोग पवित्र धर्मस्थल के लिए फिल्मों के माध्यम से गलत तरीकों से पेश कर रहे हैं। समाज की संस्कृति और मान-मर्यादा के साथ इस पर किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिया जाएगा। रालोपा नेता छुट्टन यादव ने कहा कि 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध केवल एक फिल्म का विरोध नहीं है, बल्कि हमारे आत्मसम्मान की रक्षा की लड़ाई है। ?हल्की पब्लिसिटी के लिए यादव समाज को सलाह देना कायराना है। फिल्म को लेकर चेतावनी है कि अगर फिल्म का दृश्य और नाम नहीं बताया गया तो परिणाम गंभीर होगा। गोविंदगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रामसरूप यादव और एडवोकेट हेमराज यादव ने कहा कि समाज प्रशासन से मांग कर रहा है कि इस फिल्म की रिलीज पर तुरंत रोक लगाई जाए और सेंसर बोर्ड और सरकार को ऐसी फिल्मों पर सख्त मानक लेकर काम करना चाहिए जो कि किसी विशेष जाति या धर्म को प्रमाणित करने के लिए एक प्रचारक बने। इस दौरान एंड. मालीराम यादव, अशोक यादव, सुप्रीम यादव, तहसील अध्यक्ष चौमूं सुभाष डागर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन यादव, भीवाराम, रामसिंह, मालीराम, सीताराम यादव, कृष्ण यादव, हरफूल यादव, प्रभात समेत कई लोग मौजूद रहे।

# झुंझुनूं में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से पशुपालकों को राहत, कई जानवरों का बीमा निशुल्क

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत राज्यभर की तरह झुंझुनूं जिले में भी पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की कार्रवाई जारी है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक की योजना में पशुपालकों के दुधारू एवं अन्य उपयोगी पशुओं का निशुल्क बीमा सुनिश्चित किया है, जिससे आकस्मिक मृत्यु या बीमारी से होने वाले नुकसान का मुआवजा मिलता है। राजस्थान सरकार की आधिकारिक योजना पोर्टल के मुताबिक, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लक्ष्य राज्य में 42 लाख पशुओं के लिए बीमा कवरेज प्रदान करना है। इस योजना के पहले चरण में 21 लाख पशु - दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट आदि का बीमा निशुल्क किया जाना प्रस्तावित है। बीमा के तहत मिले नुकसान पर अधिकतम ?40,000 तक का मुआवजा देने का प्रावधान है, जिससे ग्रामीण पशुपालक आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।

पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन ने झुंझुनूं में योजना के पंजीकरण शिविर और अभियान चलाए हैं, जिसमें पशुपालकों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने, मोबाइल ऐप के ज़रिये आवेदन करने और जानकारी लेने में मदद दी जा रही है। बीमा कवरेज के लिए जन आधार कार्ड, पशु की पहचान और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि योजना से ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को व्यापक लाभ मिलेगा और इन परिवारों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

योजना की मुख्य बातें

यह योजना राजस्थान सरकार द्वारा बजट के तहत संचालित है और लगभग ?400 करोड़ का खर्च शामिल है।

बीमा कवरेज में गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट शामिल हैं।

नागरिकों को खुद कोई बीमा प्रीमियम नहीं देना होता; यह सरकार की ओर से निशुल्क प्रदान किया जाता है।

बीमा का लाभ केवल पंजीकृत और चयनित पशु को मिलेगा। चयन प्रक्रिया में आवेदन और सत्यापन शामिल हैं।

झुंझुनूं में प्रभाव

झुंझुनूं के ग्रामीण इलाके, जहां पशुपालन आजीविका का मुख्य साधन है, वहां इस योजना ने आर्थिक जोखिमों में कमी लाने में मदद की है। छोटे एवं सीमांत पशुपालकों ने बीमा पंजीकरण करवा लिया है और अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया जारी है। जिला पशुपालन अधिकारी ने बताया कि सभी हितग्राहियों को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके, इसके लिये अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

पशुपालकों के लिए निर्देश

पशु का पंजीकरण समय पर कराएं।

जन आधार तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित करें। आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में तुरंत स्थानीय पशु चिकित्सालय या विभाग को सूचित करें। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना झुंझुनूं में पशुपालकों के लिये एक महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा कवच बनकर उभर रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संकट से बचने में सहायता मिल रही है और पशुपालन व्यवसाय को सुरक्षित रूप से बढ़ावा मिल रहा है।

## कुरेदा में किसान श्रमिक ग्राम चौपाल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** उपखंड के कंचनपुर मंडल के कुरेंदा ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी योजना के अधिनियम 2025 VB -G Ram के जन जागरण अभियान के तहत किसान श्रमिक ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सोमवार को कुरेदा ग्राम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम किसान श्रमिक ग्राम चौपाल की प्रवासी वंदना शिवहरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम में ग्रामीण किसानों एवं श्रमिकों को योजना के उद्देश्य लाभ एवं पात्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वंदना शिवहरे ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाएगा। आजीविका सशक्त बनाने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इस दौरान ग्रामीणों और महिला श्रमिकों की सैकड़ो की भीड़ हुई ।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने योजना के प्रति उत्साह प्रकट किया इस मौके पर सम्मिलित रहे। मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे बाड़ी शहर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा ,नरेश यादव, राजवीर मीना, रिंकू मीणा, नाजिया खान, धनंजय शर्मा, रामकुमार कुशवाहा, सतीश प्रजापति, श्रीनिवास मित्तल ,सुनील बंसल ,नितिन शर्मा ,बंटी शर्मा , बी एल प्रजापति,सचिन बंसल ,रविंद्र बंसल,अनीता सिंघल ,आदि। मौजूद रहे।

## जयपुर डिस्कॉम कॉन्ट्रेक्टर्स वेलफेयर संस्थान धौलपुर द्वारा अपनी प्रमुख मागों को लेकर अधीक्षण अभियंता (पवस) जयपुर डिस्कॉम, के नाम स्थ विवेक शर्मा धौलपुर को सौंपा ज्ञापन,,



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** जयपुर डिस्कॉम कॉन्ट्रैक्टर्स संस्थान धौलपुर द्वारा पुराने कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी करने एवं आपके द्वारा पूर्व में ठेकेदारों को एलओआई जारी कर अनेक कार्य करा लिये गये हैं तथा कुछ कार्यों को करने हेतु एलओआई भी जारी कर दी गई है। और जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनके अभी तक वर्कऑर्डर जारी नहीं हुये हैं, उनके वर्कऑर्डर जारी करने तथा आगे कराये जाने वाले कार्यों के भी वर्क ऑर्डर जारी कर ने तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी ठेकेदार बिना वर्कऑर्डर के कार्य नहीं करेगा। यदि कोई ठेकेदार बिना वर्कऑर्डरों के कार्य करता हुआ पाया जाये तो उसके विरुद्ध कमेटी गठित कर कानूनी कार्यवाही की जाये तथा टेक्निकल ऑडिट भी कराई जाये अन्यथा सभी ठेकेदारों द्वारा कार्य करना बंद कर दिया जायेगा। और इसके अतिरिक्त यदि कोई कार्य इमरजेंसी श्रेणी का हो तो उसकी एलओआई जारी करने के सात दिवस की अवधि में कार्य आदेश जारी किये जाये। यदि विद्युत कॉन्ट्रैक्टर की मागों को यथा शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वाले में कॉन्ट्रैक्टर यूनियन अध्यक्ष बृजेश सिकरवार, रविंद्र सिंह ,रिंकू ,गीतम यादवेंद्र ,विकास ,अकरम खान ,रवि चौधरी ,मराठी ,महेश शर्मा ,लकी प्रताप सिंह ,सरदार ,कन्हैया शर्मा ,बंटू ,मानसिंह चौधरी ,नरेश चौधरी, गण मान्य लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं का सम्मान समारोह 2026 के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं।** शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन पर रविवार को बलाई विकास समिति जयपुर, मुख्यालय-चौमूं के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। समिति के महासचिव हरसोलिया ने बताया कि आगामी 8 मार्च 2026, अंतरराष्ट्रीय दिवस पर समिति द्वारा आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई एवं जिम्मेदारियां दी गई। इसके पश्चात महिला दिवस पर होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन समिति के संरक्षक व सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर द्वारा किया गया। इस मौके पर समारोह के मुख्य संयोजक समाजसेवी सुमन सुरेश कुमार महरिया, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर के सेवानिवृत उप प्रबंधक लालाराम महरडा, सनराइज होटल बिलौची मैनेजर गोपीराम महरडा, सह संयोजक जालसू पंचायत समिति सदस्य सुनीता वर्मा, गोविंदगढ़ पंचायत समिति सदस्य व समाजसेवी राधेश्याम खारडिया, समाजसेवी सायर चंद बुनकर, उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, कालूराम सामरिया, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लूनिवाल, सचिव राजेंद्र प्रसाद काला, सांवरमल छेड़वाल, मुकेश कुमार कालोया, कार्यकारी सदस्य गोपाल लाल देवठिया, तुलसीराम बामणिया, हाथनोदा ग्राम इकाई अध्यक्ष राहुल कुमार जोया आदि मौजूद रहे।

## मण्डावा से पैदल आए श्रद्धालुओं ने श्याम मंदिर में निशान अर्पित किए

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा** मण्डावा से पांचनिशान यात्रा का समापन सोमवार को सुबह मंगला आरती के दौरान हुआ । श्रद्धालु निशान लेकर खाटू श्याम स्थित श्रीश्याम मंदिर में पहुंचकर निशान अर्पित किया। श्याम भक्त मीनू जोशी के सानिध्य में महिला श्रद्धालुओं निशान अर्पित किए ह्व इस दौरान भजनों का कार्यक्रम व प्रसाद वितरण किया गया। वहीं समारोह के समापन पर तीसरे रोज शुक्रवार को श्रद्धालु काकोड़ा मंदिर से निशान लेकर पैदल प्राचीन श्रीश्याम मंदिर पहुंचकर निशान अर्पित किया। पदयात्रियों के सूरजगढ़ सीमा पर पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष कविता सैनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास शर्मा, दिनेश सैनी व सरोज शर्मा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस्लामपुर 7 सुलताना रोड स्थित श्याम मंदिर से खाटूधाम के लिए 26वीं पदयात्रा शुक्रवार को रवाना हुई। गुरुवार रात को श्याम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। यात्रा रवाना होने से पहले श्याम मंदिर में निशानों की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया।ज्ञात रहे पदयात्रा में श्याम भक्त डीजे की धुन पर बाबा के जयकारे लगाते व गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा में भक्त 151 निशान लेकर बाबा के दरबार में हाजिर हुए । यात्रा का ग्रामीणों की ओर से जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## गाय पशु नहीं, बल्कि हमारी माता हैः राजेन्द्र राठौड

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा** कद्दावर भाजपा नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि गाय पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में माता का दर्जा प्राप्त है। गाय हमारी सांस्कृतिक शक्ति है, जो दूध, गोबर, और गौमूत्र से पूरे परिवार को पोषित करती है। राजेन्द्र राठौड़ सोमवार को गावं वाहिदपुरा में श्री गोपाल गौशाला के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे । गाय माता, न कि केवल पशुः राठौड़ ने जोर देकर कहा कि गाय पशुओं की श्रेणी में नहीं, बल्कि माँ के रूप में पूजनीय है। सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व उन्होंने गाय को सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया है गाय को माता के रूप में सम्मान देना भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। झुंझुनूं के विधायक राजेन्द्र भामूं ने कहा कि गाय एक पशु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति में उसे माता का दर्जा मिला हुआ है। गाय एक चलता फिरता औषधालय है। उसके गो मूत्र, गोबर व दूध से कैंसर जैसे घातक रोगों का इलाज भी होता है। गाय को आर्थिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए । कार्यक्रम की अध्यक्षता वाहिदपुरा सरपंच केसरीदेवी दूलङने की । कार्यक्रम में भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया, दिनेश धाबाई, अगंददेव सिंह, श्रवण कुमार, दिनेश गिरी महाराज, सोमनाथ महाराज, महावीर जती महाराज, चेतननाथ महाराज, मोहनगिरी महाराज, गणेश दास महाराज, बालमुकुन्द महाराज, हरिदास महाराज, भागुराम भगत , ताराचन्द गुप्ता, रामसिंह बाजौर, ईश्वर सिंह व महेन्द्र पाल सिंह आदि मंचासीन अतिथि थे । उल्लेखनीय है की इस मौके पर गौशाला में बड़ा सहयोग देने वाले PWD ठेकेदार अमरसिंह शेखावत व जनसेवी शिशुपाल सिंह दूलड़ सहित पांच भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मान किया ।

## बारां पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 40 करोड़ के अवैध पटाखों का जखीरा जब्त, प्रशासन ने तीन गोदामों को किया सील

### 2.31 लाख किलो सामग्री बरामद, आमजन की जान को था बड़ा खतरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** बारां जिले में पुलिस और जिला प्रशासन ने एक संयुक्त और बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। अटरू-बारां रोड पर स्थित आर.डी. ब्रदर्स के तीन गोदामों से करीब 40 करोड़ रुपये की अवैध विस्फोटक निर्माण सामग्री और तैयार पटाखे जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक बारां अभिषेक अंदासु ने बताया कि 20 फरवरी को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि मंडोला के पास आर.डी. ब्रदर्स के गोदामों में क्षमता से कहीं अधिक और अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व वृताधिकारी हरीराम सोनी के निर्देशन और कोतवाली थानाधिकारी भजनलाल प्रोबेशनर आरपीएस ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी। जब पुलिस और नगर परिषद की टीम ने गोदामों का निरीक्षण किया, तो वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं मिले। गोदामों में अग्निशमन के उपकरण तक नदारद थे, जो किसी भी बड़ी जनहानि का कारण बन सकते थे। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों गोदामों को सील कर दिया। नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम-1984 की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। 21 और 22 फरवरी को चली लंबी जब्ती की कार्रवाई में बम निरोधक दस्ता, एफएसएल और अग्निशमन दल को भी शामिल किया गया। जब्त की गई सामग्री में लगभग 2,31,300 किलोग्राम (231 टन) कुल विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

जिनमे 1350 कट्टे से करीब 338 क्विंटल नीले, लाल और सादे सुतली बम, तैयार पटाखे 5500 कार्टून (करीब 1918 क्विंटल), विस्फोटक बारूद 12 क्विंटल पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर, चारकोल और एल्युमिनियम पाउडर एवं अन्य सामग्री 45 क्विंटल जर्दा (पटाखों के लिए), 20 बंडल लाल बत्ती, पैकिंग मशीनें और भारी मात्रा में ब्रांडेड लेबल शामिल है। जब्त किए गए पटाखों और कच्चे माल की कुल अनुमानित कीमत 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली थानाधिकारी भजनलाल, किशनगंज थानाधिकारी रमेशचन्द मेरोठा, नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा और उप जिला कलेक्टर विश्वजीत सिंह की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल, मामले की विस्तृत जांच किशनगंज थानाधिकारी रमेशचन्द मेरोठा द्वारा की जा रही है। पुलिस अब इस बात की तह तक जाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहाँ से आई और इसके पीछे किन चेहरों का हाथ है।

## खाटूश्यामजी मेले में 'सेल्फी प्रतियोगिता' का अनूठा आयोजन

### एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने श्रद्धालुओं से की सहभागिता की अपील

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटू श्याम मंदिर में आयोजित हो रहे भव्य फागुन मेले के दौरान इस बार एक अनूठी पहल की गई है। राजस्थान पुलिस और सीकर पुलिस द्वारा 'श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालु पुलिस की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और सहयोग के साथ अन्य सुंदर पलों को कैमरे में कैद कर साझा कर सकेंगे। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मेले में पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, महिला सहायता, चिकित्सा समन्वय एवं श्रद्धालुओं के नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी श्रद्धालु को मेले में पुलिस की बेहतर व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा किसी भी श्रद्धालु को की गई मदद या पुलिस–प्रशासन के इंतजामों से मिली राहत–सुविधा से संबंधित कोई भी क्षण दिखाई दे, तो वह उस पल की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है। प्राप्त प्रविष्टियों में से चुनी गई 100 श्रेष्ठ सेल्फी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को खाटू श्याम बाबा की आकर्षक तस्वीर, प्रसाद तथा राजस्थान पुलिस की ओर से प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले से बाहर के विजेताओं को डाक से पुरस्कार व प्रशंसा पत्र भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग और सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना है। पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह प्रतियोगिता उसी साझेदारी का प्रतीक है। खाटूश्यामजी मेले में इस नवाचार से जहां श्रद्धालुओं को सहभागिता का अवसर मिलेगा, वहीं पुलिस और आमजन के बीच विश्वास की डोर और मजबूत होगी। उन्होंने मेले से संबंधित प्रमाणिक जानकारी के लिए श्रद्धालुओं से आधिकारिक पुलिस पेज को फॉलो करने की अपील भी की है और कहा है कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9667600788 एवं पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश, 8.50 करोड़ का माल जब्त

**जयपुर** बाड़मेर जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ जिला पुलिस ने बड़ी और प्रभावी कार्यवाहियों में से एक को अंजाम दिया है। नशा मुक्त बाड़मेर अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना के निर्देशन में सेड़वा थाना पुलिस ने सिंहार क्षेत्र में चल रही एक अवैध एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री को तहस-नहस कर दिया है। पुलिस ने मौके से करीब 8.50 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, कच्चा माल और उपकरण बरामद किए हैं। एसपी मीना ने बताया कि आरोपी आदम खान ने अपने खेत में मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया था ताकि किसी को शक न हो। लेकिन इस व्यवसाय की आड़ में बने एक छपरे के भीतर सफेद जहर यानी एमडी ड्रग्स तैयार की जा रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर सेड़वा थानाधिकारी प्रभुराम और चौहटन वृताधिकारी जेठाराम की टीम ने दबिश दी। पुलिस ने मौके से न केवल तैयार ड्रग्स, बल्कि उसे बनाने का पूरा सेटअप और भारी मात्रा में रासायनिक पदार्थ बरामद किए हैं। जिनमे 4 किलो 073 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, 34.746 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड, अमोनिया, एसीटोन आदि, 48 किलो 021 ग्राम सफेद और काला पाउडर, 540 ग्राम अवैध डोडा पोस्त, उपकरण कांच की बड़ी ट्रे, इलेक्ट्रिक कांटा और ड्रग्स बनाने की मशीनरी शामिल है। जिले में पिछले 7 महीनों के भीतर यह 5वीं ड्रग्स फैक्ट्री है जिसे पुलिस ने पकड़ा है। अकेले सेड़वा थाना क्षेत्र में यह तीसरी बड़ी कामयाबी है।

## राजस्थान बदल रहा है, जनकल्याणकारी कार्यों में निजी संस्थायें भी राज्य सरकार के कार्यों में सहभागी बने - देवनानी

**जयपुर** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को यहां बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित क्रेडाई एक्सपो का अवलोकन किया। देवनानी ने एक्सपो के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि राजस्थान बदल रहा है। राज्य सरकार जन हित के लिये निंरतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अवास निर्माण कर रही निजी संस्थायें राज्य सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों में सहभागी बनें। देवनानी ने अल्प आय वर्ग के लिये आवास निर्माण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता प्रतिपादित की। देवनानी ने कहा राजस्थान में आवास निर्माण की प्रक्रिया को गुणवतापूर्ण विश्व स्तरीय बनायें। इससे राज्य की देश में विशिष्ट पहचान बनेगी साथ ही संस्थायें राज्य की अर्थव्यवस्था में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकेगी। समारोह को उद्योग मंत्री के. के. विश्नोई, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी, पूर्व विधायक सतीश पूनिया ने भी संबोधित किया। स्वागत और आभार अनुराग शर्मा व आशीष अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

## खाटूश्यामजी मंदिर में फाल्गुनी लक्खी मेले का तीसरा दिन

### तीन दिन में 4.10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा श्याम के दर्शन, राजस्थान पुलिस ने किए सुरक्षा के सुदृढ़ इंतजाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** खाटूधाम में आयोजित बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के तीसरे दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देश-प्रदेश से आए श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं। जयकारों और भक्ति संगीत के बीच पूरी श्याम नगरी भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। राजस्थान पुलिस के पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के बीच रींगस से खाटूधाम तक निर्धारित मार्गों से श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित एवं सुगम दर्शन कराए जा रहे हैं।

### तीन दिन में 4,10,316 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

आठ दिवसीय फाल्गुनी लक्खी मेले के तीसरे दिन सायं तक कुल 4,10,316 श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में शीश नवाया। 75 फुट मार्ग पर स्थापित अत्याधुनिक गणना कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सटीक गणना की जा रही है। प्रथम दिन 1,24,324, द्वितीय दिन 1,97,992 तथा तृतीय दिन सायं तक 88,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। रींगस रोड से तोरणद्वार, अस्पताल चौराहा, गढ़ धर्मशाला और रामजी द्वार होते हुए 75 फुट मार्ग की 14 कतारों से दर्शन की व्यवस्था की गई है। लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह और श्रद्धा का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। सोमवार को बाबा श्याम का पिंक एवं सफेद पुष्पों से मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर परिसर की भव्यता और बढ़ गई।

### राजस्थान पुलिस द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

मेले की विशालता को देखते हुए राजस्थान पुलिस द्वारा व्यापक एवं बहुस्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मेले क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल, आरएसी तथा महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा पैदल गश्त लगातार जारी है। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है, वहीं ड्रोन कैमरों से भी भीड़ प्रबंधन पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता हेतु विभिन्न स्थानों पर सहायता डेस्क और खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए रींगस-खाटू मार्ग पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर सकें। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान द्वारा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पम्पलेट, 'बढ़ता राजस्थान, हमारा राजस्थान' बुकलेट सहित प्रचार सामग्री का वितरण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को योजनाओं की जानकारी देकर सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें, अनुशासन बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें। फाल्गुनी लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और खाटूधाम आस्था, व्यवस्था एवं सुरक्षा का सशक्त उदाहरण बनता जा रहा है।

# जल जीवन मिशन के विद्युत कनेक्शन शीघ्र करने के दिए निर्देश-डीएम

## प्रकरणों का त्वरित समाधान एवं तर्कसंगत किया जाना करें सुनिश्चित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)** फ्लैगशिप योजनाएं, बजट घोषणा, राज उन्नति, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन के तहत स्वीकृत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सबंधित विभाग शत-प्रतिशत स्वीकृत राशि का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लिया जाए तथा त्वरित समाधान एवं तर्कसंगत किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में सड़कों की मरम्मत की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, तथा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सरमथुरा चिकित्सालय में विद्युत कनेक्शन शीघ्र करवाया जाए जिससे चिकित्सालय में सुचारू रूप से कार्यों का संचालन किया जा सके। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के विद्युत कनेक्शनों को शीघ्र करने के निर्देश देते हुए कहा कि कनेक्शन होने के उपरांत गर्मी के मौसम में आमजन को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले आगामी रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे इसलिए संबंधित विभाग अपने विभागीय स्तर पर तैयारियां पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान नगर परिषद धौलपुर क्षेत्र में जल भराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नालों की नियमित सफाई तथा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियां की रोकथाम जलभराव क्षेत्र में फोगिंग एवं एंटीलार्वा गतिविधियां किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बोर्ड परिक्षाओं को देखते हुए रात्रि 10 बजे के पश्चात तीव्र ध्वनि वाले डीजे पर पाबंदी लगाने तथा निर्धारित समय से पूर्व भी कम आवाज पर डीजे बजाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट, उपखण्ड अधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'यादव जी की लव स्टोरी ' फ़िल्म के खिलाफ़ यादव समाज के लोगों ने कियामौन प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिला मुख्यालय पर 'यादवजी की स्टोरी ' फ़िल्म के खिलाफ़ धौलपुर जिला मुख्यालय पर। जिला कलेक्ट्रेट पहुँचकर यादव समाज के लोगों ने मौन प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया है। एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को सौंपा । ज्ञापन में बतलाया गया है कि ठकुरानी प्रोडक्शन की फ़िल्म यादव जी की फ़िल्म स्टोरी यादव समाज को बदनाम एवं बेइज्जत कराने के उद्देश्य से बनायी गयी है। जबकि यादव समाज हमेशा से देश एवं समाज सेवा में आगे रहा है। यादव समाज के लोगों ने फ़िल्म के प्रसारण पर रोक लगाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि यदि फिल्म के प्रसारण पर रोक नहीं लगाई गई तो हम उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।इस मौके पर यादव समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर में 'स्पर्धा 2.0' का भव्य शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर में 'स्पर्धा 2.0' खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं खेल समन्वयक डॉ. बी.एल. गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्पर्धा 2.0 खेलों के पहले दिन 100 मीटर रेस, शतरंज, म्यूजिकल चेयर एवं डम्ब्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। आज के खेलों में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में छात्रा पूर्णिमा सेन एवं छात्र मोहित तिवारी विजेता रहे। वहीं डम्ब्स चरैड्स में टीम बी विजयी रहे।शतरंज में सर्वश्रेष्ठ 8 खिलाड़ियों एवं 100 मीटर रेस के लिये सर्वश्रेष्ठ 5 खिलाड़ियों को द्वितीय राउंड के लिए चयनित किया गया। जो आगामी दिवस को फाइनल राउंड खेलेंगे। आज के खेलो का आयोजन शिवकांत शर्मा, मिलेश चौहान, ब्रजेश कुमार, मोहित श्रीवास्तव, कुलदीप तिवारी, गिर्राज गिरि, के नेतृत्व में सफल आयोजित हुए । इस दौरान डॉ. कृष्णकांत उपाध्याय, विनय बघेला, निरंजन सिंह, माधव गर्ग,सौरव शर्मा,मनीष कुमार वंशिका यदुवंशी, राजेश त्यागी, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

## राजाखेड़ा में बालिका विद्यालय की जमीन से अतिक्रमण हटाने का नगर पालिका ले झाडा पल्ला

### सहयोग करना हमारा काम अतिक्रमण हटवाऐ विद्यालय




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** उपखंड के, राजाखेड़ा कस्बा के अंदर 13 फरवरी 2002 को नगर पालिका ने खसरा नंबर 3949 रखवा 13 विश्व जमीन विद्यालय के लिए दी थी जिस विद्यालय पर गत दो-तीन साल से विवाद चल रहा है जिस पर कुछ दबंग व्यक्तियों ने राजनेताओं के सहारे पर कब्जा कर रखा था जिसका श्रीमांकन सेटलमेंट विभाग भरतपुर के द्वारा चार बार किया जा चुका है चौथी बार में दिनांक 21 फरवरी 2026 को चिन्निहीकरण भी तहसीलदार दीप्ति देव एवं नायब तहसीलदार एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राजाखेड़ा देवेंद्र तिवारी व पुलिस प्रशासन आम जनता जनार्दन के सामने किया गया है अतिक्रमण हटाने के नाम पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवेंद्र तिवारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाना हमारा कार्य नहीं है अतिक्रमण स्वयं विद्यालय हटवाऐ विद्यालय के द्वारा हमसे संसाधन मांगे जाएंगे तो हम संसाधन उपलब्ध कराएंगे विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से वार्तालाप कर उनके निर्देशन में कार्रवाई की जाएगी अब देखना यह है कि क्या शिक्षा विभाग के आल्हा अधिकारी करोड़ों रुपए की इस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने में क्या कार्रवाई करते हैं क्या शिक्षा विभाग दबंग के कब्जे से विद्यालय की भूमि पर किए गए अनादिकृत कब्जे को मुक्त करापाएगा राजाखेड़ा के सीनियर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ चंद्रप्रकाश वशिष्ठ ने बताया है की विद्यालय एवं नगर पालिका से हमारे पास जो लेटर आएंगे जब हम कार्रवाई करेंगे

## धौलपुर में राज सखी सरस मेला 2026 के द्वितीय दिन ईश्वर के स्वरूप में नृत्य कला का भव्य प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिला प्रशासन धौलपुर एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्टेडियम, बड़ी फील्ड, धौलपुर में आयोजित सात दिवसीय 'राज सखी सरस मेला 2026' के द्वितीय दिन एक आकर्षक एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन विशेष रूप से ईश्वर के स्वरूप में नृत्य कला का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भगवान के विभिन्न रूपों को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया, जिसमें शिव पार्वती, रामलला दर्शन, कृष्ण-राधा लीला, शिव तांडव, देवी के रूप एवं अन्य दिव्य स्वरूपों का चित्रण किया गया। यह प्रस्तुति दर्शकों को गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने के साथ-साथ लोक नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य की सुंदर संगम को दर्शाती रही। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस कला प्रदर्शन की सराहना की। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा, जो महिलाओं की उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक धरोहर को एक साथ मंच प्रदान कर रहा है। मेले में राजीविका की राज सखी योजना अंतर्गत जुड़ी स्वयं सहायता समूह (स॥त) की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई उत्पाद, खाद्य सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद एवं अन्य लोक कला वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं विक्रय भी जारी है। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के हुनर को बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखना है। प्रतिदिन होने वाले ऐसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले को और अधिक जीवंत बना रहे हैं। मेला 21 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी के लिए निःशुल्क खुला रहेगा। जनसाधारण से अनुरोध है कि इस मेले में पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद खरीदें एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें।

## मचकुण्ड धाम में बिखरेगी ब्रज की छटा, 3 मार्च को होगा भव्य 'छठवां फागोत्सव'

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** तीर्थों के भांजे कहे जाने वाले सुप्रसिद्ध मचकुण्ड धाम में इस वर्ष भी होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। हल्लाबोल जनसरोकार मंच, धौलपुर के तत्वावधान में आगामी 3 मार्च 2026 (मंगलवार) को मचकुण्ड धाम स्थित लाड़ली जगमोहन मंदिर परिसर में 'छठवां फागोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से मचकुण्ड की पावन धरा पर ब्रज की पारंपरिक होली का जीवंत दृश्य साकार होगा। फूलों, लड्डुओं और लठमार होली का रहेगा आकर्षण आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए वृंदावन (ब्रज क्षेत्र) से कलाकारों की टीम आमंत्रित की गई है। फागोत्सव के दौरान आकर्षक झांकियों के साथ फूलों की होली लड्डू की होली लठमार होली का भव्य मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ब्रज संस्कृति की रंगत और कान्हा भक्ति के रस में सराबोर यह आयोजन धौलपुरवासियों को एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम विवरण दिनांकः 3 मार्च 2026, मंगलवार समयः दोपहर 3:00 बजे से निरंतर स्थानः लाड़ली जगमोहन मंदिर, मचकुण्ड धाम, धौलपुर आयोजकः हल्लाबोल जनसरोकार मंच, धौलपुर बैठक में बनी रूपरेखा फागोत्सव की तैयारियों को लेकर लाडली जग मोहन मंदिर के महंत कृष्ण दास के सानिध्य में हल्लाबोल जनसरोकार मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंच के एडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा, प्रमोद पचौरी, लोकेश राजपूत, अशोक सिकरवार, रामकिशोर लवानिया, सुनील जगरिया 'श्याम प्रेमी', रामसेवक राठौर, विराट ठाकुर, भूदेव शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जनसंपर्क को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जनता से अपील मंच पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि 'कान्हा के साथ फूलों की होली' के इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मचकुण्ड धाम में ब्रज की अनुपम छटा का आनंद लें। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

## 24 फरवरी को भव्य भजन संध्या, श्याम भक्तों के लिए रहेगा आस्था का विशेष आयोजन



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** श्याम भक्तों की आस्था और श्रद्धा को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से सात दिवसीय सेवा शिविर के अंतर्गत 24 फरवरी की रात्रि को विशेष भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजकों के अनुसार 24 फरवरी की रात्रि आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन कलाकार रतन फौजी एवं उनकी टीम द्वारा श्याम बाबा के भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भजन संध्या के माध्यम से भक्तों को भक्ति, सेवा और समर्पण से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।इस विशेष आयोजन को लेकर शिविर स्थल पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्याम बाबा के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सामाजिक एवं युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रहेगी।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता महेश चोरिया, हरि चोरिया, सत्तार खान, शिवराम चिकना, युवा नेता अमन खोजा, महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, सुरेश कमलोडीया,जितेंद्र पत्रकार,राजेश बाड़ीगर, पृथ्वी कामलोडीया, सुभाष गल्डवाल, महेंद्र बाड़ीगर, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव, ओमी चोरिया, महेश सांपला, युवा नेता मनीष ठुकरान, जगमाल स्वामी, राहुल यादव, अंकित यादव, श्रवण यादव, राकेश शेखावत, कालू नाथलया, कृष्ण यादव, सोहन जाजिम, हजारी मोडिया, महेंद्र जाजिम, सतपाल चौधरी, हरि सिसौटीया एवं राहुल बाड़ीगर सहित अनेक कार्यकर्ता आयोजन में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।सेवा शिविर के अंतर्गत आयोजित यह विशेष भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति रस और सेवा भावना से परिपूर्ण रहने वाली है। क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## केक काटकर मनाया धूमधाम से मनाई संत गाडगे महाराज की जयंती

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिले में ओडेला रोड स्थित राजा बिहार कॉलोनी भास्कर फार्म हाउस में संत गाडगे महाराज की जयंती जिला अध्यक्ष हरविलाश रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे महाराज जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप कर की गई । इसके पश्चात स्कूल में बच्चों को को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरविलाश रजक ने कहा कि समाज को सशक्त और संगठित बनाने के लिए सभी को एक साथ चलना होगा। तभी समाज का विकास होगा। और समाज को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा सके। प्रधानाचार्य कुमारसैन ने कहा कि संत गाडगे महाराज जी ने कई धर्मशालायों का निर्माण करवाया और गरीब परिवार के बच्चों को घर घर जाकर पढ़ाई की ओर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया । वीरू रजक ने कहा कि अगर हमे समाज को आगे बढ़ाना है तो सबको एक साथ लेकर चलना होगा तभी हम लोग अपनी समाज को तरक्की की ओर ले जा सकते हैं। वहीं अजय कुमार बिलोनिया ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहे प्रभाव के कारण गरीब, कमजोर एवं दलित वर्ग के बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। ऐसे में समाज को जागरूक होकर शिक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा। रमेश साहू ने कहा कि संत गाडगे के दो ही ऐसे शब्द है शिक्षा और स्वच्छता। इन्होंने माया का त्याग कर सभी को शिक्षा का संदेश दिया। प्रेम सिंह भास्कर ने कहा कि गाडगे महाराज ने हमेशा थेगरी लगे कपड़े पहनते थे ताकि लोग उनसे अपने आप को छोटा न समझे । संत गाडगे महाराज और बाबा साहब भीम राव अबेडकर में अच्छी मित्रता थी । सुनील नरवर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्व समाज की संगठित रहते का संदेश दिया। मंच का संचालन वीरू रजक ने किया कार्यक्रम के इस मौके पर रामखिलाड़ी बिलोनिया, विष्णु, नेकराम , किशोर रजक, शिव सिंह, माता प्रसाद , कुलदीप खेरोनिया , अजय , महेश चंद, राजेश, विवेक मथुरिया, विजय कुमार, हरि, सीताराम दिवाकर, कुलदीप सिंगाड़िया, संदीप गार्गी, अभिषेक अटारिया , राजू भाई, राजकुमार , रामनगिना, गौरव , हर्ष जागरोटिया एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लिटिल मिलेनियम प्ले स्कूल में रिप्ले नोस्टलेजिया का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** लिटिल मिलेनियम प्ले स्कूल में रिप्ले नोस्टलेजिया थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ । समारोह का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बचपन की यादों को पुनः जीवंत करना था। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा जो प्रस्तुत की गई उसे बचपन की यादें ताजा हो गई और एक पल को बचपन जीने का मौका मिला। इस प्रकार के आयोजन समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. दीप्ति ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एके बेरी ने बताया कि हमारा उद्देश्य ए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना है और इस क्षेत्र में संस्था कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अभिनव बेरी लिटिल मिलेनियम धौलपुर की चीफ लर्निंग ऑफिसर दीपाली बेरी ने भी अपना उद्बोधन दिया । समारोह में बच्चों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण अभिभावकों द्वारा पारंपरिक खेलों जैसे सतोलिया, लंगड़ी टांग, खो-खो और रस्सा कस्सी रहा जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई । अभिभावकों ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमने अपने बच्चों में अपने बचपन को देखने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में न्यू एरा पब्लिक स्कूल तथा लिटिल मिलेनियम धौलपुर का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लिटिल मिलेनियम दिल्ली से मोहित अरोड़ा, महिमा माथुर, वंदना भाटिया एवं विशाल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।बच्चों के लिए एक विशेष प्लेनेटेरियम की व्यवस्था की गई थी, जिसके माध्यम से उन्हें अंतरिक्ष का अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ। समारोह बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए आनंद, सीख और स्मृतियों से भरपूर रहा तथा सभी ने इसे अत्यंत उत्साहपूर्वक सराहा।

## किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री करवाएं

**धौलपुर** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर, एग्रीस्टैक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानो के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानो के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला नोडल अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री एवं उपखण्डाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री से वंचित सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनबाने के लिए ई-मित्र सीएससी तथा पटवारी से संपर्क कर कर सकते हैं। जिससे केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओ जैसे- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजनाए एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानो को भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित होना पड सकता है।

## कोटखावदा से 11 वीं डाक ध्वज पदयात्रा रवाना हुई

**चाकसू** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटखावदा कस्बे के श्री खाटूश्याम के लिए 11 वीं डाक ध्वज पदयात्रा सोमवार 23 फरवरी को प्राप्त 8:00 बजे बड़ी धूमधाम गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। वही अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने बताया कि मुख्य आकर्षक बैंड बाजा साउंड, इत्र, पुष्प वर्षा के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। यह यात्रा बड़ा बास ओघड वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर नाचते झूमते हुए नरसिंह चौक, बस स्टैंड होती हुई छोटा बास नंद बगीची में हनुमान जी महाराज के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त कर खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुई।

**RAJASTHAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE**
**(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER)**
**DURGAPURA, JAIPUR**

**NOTICE INVITING BIDS (NIB No:- SKN2526A0437)** **Date: 17.02.2026**
**Unique Bid Number (UBN): SKN2526WLOB00472**
Sealed E-Bids are invited on behalf of **Rajasthan Agricultural Research Institute, Durgapura, Jaipur (Rajasthan)** for the procurement of E-Tender for **Construction of Plant Tissue Culture Lab and Protected Structures with Supply, Installation and Commissioning of Laboratory Equipment's on Turnkey Basis upto 09.03.2026, 02:00 PM.**

| S. No. | Name of Article | Specifications | Qty | Estimated Price (Rupees) | Price of Bidding Document (Rupees) | RISL Fee (Rs.) | Amount of Bid Security (Rupees) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E-Tender for Construction of Plant Tissue Culture Lab and Protected Structures with Supply, Installation and Commissioning of Laboratory Equipment's on Turnkey Basis | | | 1500.00 Lakh (15 Cr.) | 10000/- | 2500/- | Rs. 30,00,000/- |

Details may be seen in the Bidding Document at our office or on the website of the State Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in or our website www.sknau.ac.in and may be downloaded from there or obtained from our office on payment of its Banker Cheque/ demand draft.

Raj.Samwad/C/25/21007 **Director**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
24 फरवरी, 2026

# मुख्य सचिव ने ली उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

### ज़िला एवं राज्य उपभोक्ता आयोगों के संबंध में नई गाइडलाइंस जारी करने तथा उपभोक्ता हेल्पलाइन को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

### उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के संबंध में नए दिशा निर्देश बनाने हेतु किया निर्देशित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में संचालित उपभोक्ता न्यायालयों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने मुख्य सचिव को विभागीय प्रक्रियाओं एवं मुख्य योजनाओं से अवगत कराया। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने उपभोक्ता न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने कहा कि राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में 56000 से अधिक प्रकरण लंबित है। इनको समयबद्ध निस्तारित करने तथा निस्तारण मापदंड तय करने हेतु मुख्य सचिव ने उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्यों को निर्देश दिए कि राज्य एवं ज़िला उपभोक्ता आयोगों की कार्यप्रणाली के संबंध में नवीन एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश (गाइडलाइंस) शीघ्र जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन दिशा-निर्देशों में आयोगों में लंबित प्रकरणों को एक विशेष कार्ययोजना बनाकर त्वरित निस्तारण की समय-सीमा, प्राथमिकता निर्धारण की प्रक्रिया तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता आयोगों में कार्यरत न्यायाधीशों एवं सदस्यों के बीच कार्य का समुचित एवं संतुलित आवंटन किया जाए ताकि प्रकरणों का समयबद्ध निष्पादन संभव हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा एवं उपभोक्ताओं की सुलभ न्याय प्रदान करना राज्य सरकार की मुख्य प्रतिबद्धता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए उपभोक्ता संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाएं तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने उपभोक्ता आयोगों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य के सभी उपभोक्ता आयोगों की एक राज्य स्तरीय कार्यशाला (वर्कशॉप) यथाशीघ्र आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यशाला में सभी उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य भाग लें। कार्यशाला में प्रक्रियागत सुधार, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, तकनीकी संसाधनों के उपयोग तथा न्यायिक दक्षता बढ़ाने पर विशेष चर्चा की जाए। समीक्षा बैठक में उपभोक्ता हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर भी विशेष चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता हेल्पलाइन को अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए, ताकि कॉल करने वाले प्रत्येक उपभोक्ता को उचित मार्गदर्शन एवं त्वरित सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की जाए। समीक्षा बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य भर में संचालित उचित मूल्य की दुकानों को लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में नवीन गाइडलाइन बनाई जाए। इसमें लाइसेंस प्रदान करने की पात्रता, पारदर्शिता, निगरानी व्यवस्था तथा लाइसेंस की वैधता की अवधि स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उचित मूल्य की दुकानों के लाइसेंस की वैधता के लिए निश्चित समय-सीमा तय की जाए तथा समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आम नागरिकों को निःशुल्क राशन की निर्बाध एवं पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्य सचिव ने दोनों विभागों की समीक्षा करते हुए यह कहा कि विभिन्न स्तरों पर ज़रूरी सुधार लागू करने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में अम्बरीष कुमार ने कहा कि विभाग राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित न्याय प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं को त्वरित और प्रभावी न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं के संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। इससे पहले उपभोक्ता न्यायालयों के सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित सक्षम समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों के सशक्तिकरण एवं बजट घोषणा के क्रियान्वयन के लिए वीसी सेटअप, कंप्यूटर डेस्कटॉप उपलब्धता के साथ जिला आयोगों के भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार को यथाशीघ्र प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सक्षम समिति के सदस्य श्री प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री देवाशिष्ठ पृष्ठी, श्रीमती टीना सोनी, निदेशक उपभोक्ता मामले पूनम प्रसाद सागर, पंजीयक राज्य उपभोक्ता आयोग श्री राजेश गुप्ता एवं विभागीय वित्तीय सलाहकार बृजभूषण शर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ठेकेदार की लापरवाही आमजन पर भारी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे में नंदी चौक से रेल्वे पुलिया जाने वाली सड़क पर नगरपालिका की ओर से नाले सफाई का कार्य ठेकेदार को दिया गया था। ठेकेदार द्वारा चेम्बर खुल्ले छोड़ दिये गये। मलबा लोगों के गेट के आगे डाल दिया गया। जिससे परेशान लोगों ने मलबा को घरों के गेट से सड़क पर डाल दिया गया। जिससे सड़क जाम हो गयी जिससे आमजन व स्कुली विधार्थियों का आवागमन बाधित हो गया। अवागमन बाधित पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची। मोहल्लेवासीयो को समझाइश की। मोहल्ले के जगदीश प्रजापत ने बताया कि ठेकेदार शंकर प्रजापत द्वारा हमारे घरों के आगे बीस दिन से गड्ढा कर मलबा हमारे घर के आगे डाल दिया। जिससे हमारे घर में आने जाने का रास्ता बन्द हो गया। जिस पर हमने मलबा हमारे गेट से हटाया जिससे रास्ता बन्द हो गया। जिस पर वाहन चालकों ने पुलिस को सुचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## विधार्थियों ने रैली निकालकर दिया जल बचाने का संदेश




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्थानीय राजेंद्र विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आमजन को जल बचाने का संदेश दिय। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जल संरक्षण से संबंधित तख्तियां एवं नारे लगाकर लोगों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया। जल है तो कल है, पानी बचाओ, भविष्य बचाओ जैसे नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। आरयूडीपी के बाबू लाल द्वारा विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पानी बचाने के सरल उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें जल संरक्षण का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पृथ्वी सिंह ने बताया कि जल संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना जरूरी है। रैली में विद्यालय परिवार से सरोज कंवर, ऋषि राज, सपना प्रजापत, विशाल, चंदा सैनी, नाजमीन व पवन सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी 27 फरवरी को उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने वाली किसने महा पंचायत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जन संपर्क जारी है। अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने गांव बैरासर, बम्बू, रेड़ा, गिरवरसर, सड्डू, कातर, चरला, साजनसर आदि गांवों में जाकर लोगो को जागरूक किया और महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।जिला संयुक्त सचिव रामनारायण रुलानीया, तहसील अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, सागर मेघवाल, किसान नेता भंवर लाल लेघा, दीन दयाल गुलेरिया, एसएफआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, किसान सभा के साथी जयराम टांडी आदि लोगों ने विचार प्रकट किए।

## पटवारी भर्ती परीक्षा के 69 सफल अभ्यर्थियों को जयपुर जिले में मिली नियुक्ति

### 25 फरवरी तक दस्तावेज सत्यापन, 26 फरवरी से टोंक में प्रशिक्षण प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** निबन्धक, राजस्व मण्डल, राजस्थान, अजमेर के निर्देशानुसार पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से चयनित 69 अभ्यर्थियों को जयपुर जिला आवंटित किया गया है। जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने आदेश जारी किए हैं।अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि इन अभ्यर्थियों को राजस्थान लैण्ड रेवेन्यु एवं राजस्थान राजस्व अधीनस्थ सेवा नियम, 2019 के अंतर्गत जयपुर जिले के रिक्त पटवार पदों पर दो वर्ष के परिवीक्षाकाल हेतु अस्थाई रूप से नियुक्त किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 25.02.2026 तक जिला कलेक्ट्रेट, बनीपार्क, जयपुर में मूल दस्तावेज, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं पुलिस सत्यापन रिपोर्ट सहित उपस्थित होना होगा। 6 माह का अनिवार्य पटवार प्रशिक्षण सर्वउद्देशीय राजस्व प्रशिक्षणालय, टोंक में 26.02.2026 से प्रारंभ होगा। निर्धारित अवधि में उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचना राजस्व मण्डल, अजमेर को प्रेषित की जाएगी।

### जिम्मेदारों की लापरवाही, आमजन पर भारी, प्रशासन मौन

## रामसरा सड़क मार्ग पर जगह-जगह हो रहे हैं गड्ढे, वाहन चालक सड़क किनारे रैंग-रैंगकर चलने को मजबूर

जयपुर टाइम्स



फोटो–दीपक सै

**चूरू(निसं.)** गलती चाहे जिला प्रशासन की हो या हमारे जन प्रतिनिधियों की, परंतु यह आमजन पर भारी पड़ रही है। दीये तले अंधेरे वाली कहावत यहां बिल्कुल सार्थक साबित हो रही है। जी हां हम बात कर रहे हैं अग्रसेन नगर से रामसरा होकर जयपुर जाने वाले सड़क मार्ग की। आपको बता दें कि ये सड़क मार्ग पिछले एक साल से बदहाली का शिकार हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सड़क का निर्माण 2010 में हुआ था, अब यह लगभग एक साल से ये पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है। ये सड़क करीब दो किलोमीटर तक पूरी तरह से टूट चुकी हैं। सड़क में जगह-जगह एक से डेड फिट के गड्ढे पड़े हैं। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक वाहनों को सड़क के किनारे रैंग-रैंगकर चलने को मजबूर है। इस मार्ग पर अनेकों बार हादसे हो गये हैं और कई बार वाहन चालक गिरकर चोटिल हो गये हैं, फिर भी जिला प्रशासन और पीडब्ल्यू डी विभाग की आंखें नहीं खुल रही है। लोगों ने बताया कि इन गड्ढो के कारण कई लोगों के स्लिप डिस्क की प्रॉबलम हो गई, और तो और जयपुर जाने के लिये बड़े वाहनों के लिये दूसरा और कोई विकल्प भी नहीं है, क्योंकि शहर में दो जगह ऑवरब्रिज का काम चल रहा है और जयपुर रोड़ स्थित ऑवरब्रिज पर पिछले कई वर्षों से बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध है। इस सड़क मार्ग पर 100 से अधिक गड्ढे हैं और सात मोड़ है, इससे आमजन का हाल-बेहाल हैं। लोगों ने बताया कि हो सकता है कि प्रशासन कोई बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा हैं। यहां वाहन चालक वाहनों को सड़क के नीचे चलाने को मजबूर हैं और वाहनों के साथ ही धूल का गुब्बार उठता है जिससे राहगिरों और दुपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जलदाय अधिकारियों की मनमानी के कारण रमजान में पेयजल संकट झेल रहे घांघू के बाशिंदे

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** चूरू जिले के घांघू गांव के अगूणा मोहल्ला के बाशिंदे इन दिनों रमजान के पाक महीने में पेयजल आपूर्ति के संकट से जूझ रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा मौहल्ले में स्थित कुए का बिजली कनेक्शन काटे जाने से यह स्थिति पैदा हुई है। मौहल्लेवासियों ने बताया कि वार्ड 5, 6 और 7 के घरों में पानी का इंतजाम चुनौती बन गया है। कारण साफ है–मौहल्ले में संचालित ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन बिल लंबित रहने पर डिस्कॉम ने काट दिया है और जल सप्लाई ठप हो गई है। ग्राम पंचायत ने वर्ष 2023 में राज्य सरकार के आदेश पर यह ट्यूबवेल जलदाय विभाग को हस्तांतरित कर दिया था। इस बारे में बात करने पर सरपंच विमला देवी दर्जी का कहना है कि हैंडओवर के बाद कुएं का बिजली बिल भी जलदाय विभाग के नाम से ही जारी हो रहा है। ऐसे में भुगतान कर कनेक्शन बहाल कराना जलदाय विभाग की जिम्मेदारी बनती है। गांव के अन्य कुओं के बिल जलदाय विभाग ही भर रहा है, तो इस ट्यूबवेल के मामले में भी जलदाय विभाग को बिल भरवाकर कनेक्शन चालू करवाना चाहिए लेकिन जलदाय अधिकारी पेयजल सप्लाई सुचारू करवाने की बजाय पंचायत पर ठीकरा फोड़ रहे हैं तथा ज़िला प्रशासन और ग्रामीणों को गुमराह कर रहे हैं। सरपंच ने बताया कि वस्तुस्थिति की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गयी है। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, रोज़ेदारों को खाना बनाने, सफाई और पशुओं के लिए पानी जुटाने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। कई परिवार दूर-दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। महिलाओं और बुजुर्गों पर बोझ बढ़ गया है। अभी फरवरी-मार्च में यह हाल है, तो मई-जून की तपती लू में स्थिति कितनी विकराल होगी–इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। ग्रामीणों की मांग है कि लंबित बिल का तत्काल भुगतान हो, डिस्कॉम से कनेक्शन की पुनर्बहाली हो और नियमित जलापूर्ति बहाल हो। रमजान के महीने में प्यास से जूझते अगूणा मोहल्ले की निगाहें अब जिम्मेदार विभाग की त्वरित कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में अन्य एक दो कुए भी खराब होने से जलापूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है।

## चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने विधानसभा में क्षेत्र के औद्योगिक, पर्यावरणीय एवं खेल विकास से जुड़े मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निसं.)।** राजस्थान विधानसभा सत्र में चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने युवा मामले एवं खेल तथा उद्योग पर चर्चा के दौरान चौमूं विधानसभा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि चौमूं क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुरा, कालाडेरा, मंडा भिण्डा, इटावा भोपजी, लोहरवाड़ा, धोबलाई, ढोढ़सर, डेहरा एवं कानपुरा जैसे क्षेत्र रीको तथा निजी औद्योगिक क्षेत्रों में आते हैं और वर्तमान में ये उद्योगों के बड़े केंद्र बन चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता उद्योगों के विरोध में नहीं है, किंतु असंतुलित एवं गैर-जिम्मेदार औद्योगीकरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता। विधायक डॉ. बराला ने विधानसभा में जोर देकर कहा कि इन क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा स्थानीय संसाधनों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है, भूजल का दोहन हो रहा है तथा नागरिक वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण की गंभीर समस्या झेल रहे हैं। अतः उद्योगों में स्थानीय युवाओं के लिए न्यूनतम प्रतिशत रोजगार का स्पष्ट प्रावधान किया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता मिल सके। डॉ. बराला ने कालाडेरा, धोबलाई, ढोढ़सर एवं लोहरवाड़ा में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सख्त एवं नियमित मॉनिटरिंग की मांग की। उन्होंने कहा कि विकास जनता के स्वास्थ्य की कीमत पर स्वीकार्य नहीं है और संतुलित एवं उत्तरदायी औद्योगिक विकास ही समय की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने रीको क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया। जर्जर सड़कों, स्ट्रीट लाइट्स की कमी, नालियों की अपर्याप्त व्यवस्था एवं जलभराव जैसी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष बजट प्रावधान की मांग की। कालाडेरा एवं जैतपुरा में निवासरत हजारों मजदूरों और कर्मचारियों के लिए कम्युनिटी सेंटर विकसित करने, कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र में डंपिंग यार्ड स्थापित करने तथा ईएसआई डिस्पेंसरी खोलने की भी मांग की गई। युवा मामले एवं खेल पर बोलते हुए विधायक डॉ. बराला ने कहा कि बढ़ते नशे और मोबाइल एडिक्शन की चुनौती से युवाओं को बाहर निकालने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चौमू विधानसभा में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया है। विधायक डॉ शिखा मील बराला ने चौमूं स्थित वीर हनुमान जी खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण, पंचायत स्तर के स्टेडियमों में मूलभूत सुविधाओं के विकास तथा चौमूं में शूटिंग अकादमी की स्थापना की मांग रखी। अंत में डॉ. बराला ने कहा कि उद्योग और युवा ये दोनों ही विकास के मजबूत स्तंभ हैं। यदि उद्योग जिम्मेदार होंगे और युवा सशक्त होंगे तो प्रदेश आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनेगा।

## डॉ. सतीश पूनियाँ राजस्थान विधानसभा पहुंचे, विधायकों को भेंट की पुस्तक

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ सोमवार को राजस्थान विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को भेंट की। विधानसभा परिसर में डॉ. पूनियाँ ने कई विधायकों से शिष्टाचार मुलाकात भी की और पुस्तक के विचारों पर संक्षिप्त चर्चा की। डॉ. पूनियाँ ने कहा कि 'अग्निपथ नहीं जनपथ' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में राजनीतिक अनुभवों, संगठनात्मक जीवन और जनता से जुड़े मुद्दों का उल्लेख किया गया है। उनका उद्देश्य राजनीति में संवाद, सकारात्मक सोच और जनहित को सर्वोपरि रखने की भावना को प्रोत्साहित करना है। विधानसभा में पुस्तक भेंट करने के दौरान सत्ता और विपक्ष के कई विधायकों ने डॉ. पूनियाँ का स्वागत किया और पुस्तक के लिए आभार व्यक्त किया। राजनीतिक गलियारों में इस पहल को सकारात्मक संवाद की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सतीश पूनियाँ वर्तमान में हरियाणा में संगठनात्मक जिम्मेदारी निभा रहे हैं और राजस्थान की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका रखते हैं। उनकी इस पहल को राजनीतिक शिष्टाचार और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने वाला कदम माना जा रहा है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर व्यापारियों से संवाद करने पहुँचे कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी

### किसान, व्यापारी और रोजगार व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव की जताई आशंका



मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी सोमवार को प्रदेश के सम्मानित व्यापारियों से भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विषय में महत्वपूर्ण संवाद एवं चर्चा करने भोपाल के श्यामला हिल्स एवं लखेरापुरा चौक बाजार पहुँचे। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील केवल किसानों तक सीमित मुद्दा नहीं है, बल्कि यह देश के व्यापार, उद्योग और रोजगार संरचना पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव डालने वाली है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन, मक्का और सरसों जैसे प्रमुख कृषि क्षेत्रों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड डील के अंतर्गत मक्का के भूसे के आयात को अनुमति दी गई है, वहीं सोयाबीन ऑयल पर पूर्व में लागू 16' आयात शुल्क को घटाकर 0' किए जाने से देश के तेल उद्योग एवं इससे जुड़े लघु एवं मध्यम व्यापार गंभीर संकट में आ सकते हैं। साथ ही कॉटन एवं टेक्सटाइल उद्योग पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि टेक्सटाइल क्षेत्र देश में सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रमुख उद्योगों में शामिल है। चौधरी ने आगे कहा कि फ्रूट इंडस्ट्री में भी आयात शुल्क शून्य किए जाने से बागवानी क्षेत्र से जुड़े किसानों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी। उनके अनुसार यह डील कृषि, उद्योग और व्यापार – तीनों क्षेत्रों में असंतुलन उत्पन्न करने वाली साबित हो सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय समझौतों के माध्यम से भारत के संवेदनशील डेटा के विदेशों तक पहुँचने की आशंका भी उत्पन्न होती है, जो दीर्घकालीन सुरक्षा चुनौती बन सकती है। ऊर्जा नीति पर बोलते हुए चौधरी ने कहा कि पूर्व में अमेरिका द्वारा भारत पर ईरान से तेल आयात सीमित करने का दबाव बनाया गया तथा अब रूस से तेल खरीद को लेकर भी प्रतिबंधात्मक परिस्थितियाँ निर्मित की जा रही हैं। इससे भारत को लगभग 15 लाख करोड़ रुपये तक के संभावित आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसानों और व्यापारियों दोनों के हितों के विरुद्ध प्रतीत होती है तथा कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगी। इस संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद गोयल (चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष), राजीव अग्रवाल, दीप्ति सिंह (राष्ट्रीय महासचिव, महिला कांग्रेस), अभिनव बरोलिया, नितिन राजोरिया (उपाध्यक्ष, किसान कांग्रेस), वात्सायन जैन, अभिषेक जैन एवं राजेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## सेवा और संस्कार के साथ मनाया जन्मदिवस

### राजलदेसर में सेवा और संस्कार के साथ मनाया जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** राष्ट्रीय श्री राम सेना भारत परीवार के जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने अपना जन्मदिन अनोखे और धार्मिक अंदाज में मनाते हुए गौ माता को लापसी,व गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया। यह आयोजन नाथनगर गौशाला में सम्पन्न हुआ, जहां आध्यात्मिक वातावरण के बीच गौसेवा की गई। इस अवसर पर प्रदीप पांडे के साथ उनके परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय श्री राम सेना भारत परीवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। गौशाला परिवार की ओर से सभी अतिथियों का गौ माता का दुपट्टा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर केवल उत्सव के लिए नहीं, बल्कि सेवा और समाजहित के कार्यों के लिए भी होने चाहिए। उन्होंने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की पहचान बताते हुए कहा कि गौ माता की सेवा से सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतोष की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने गौसंरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का संकल्प भी लिया। सभी ने मिलकर राष्ट्रहित और धर्महित में निरंतर सेवा कार्य करने का संदेश दिया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण बना, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## राधा कृष्ण हवेली में फाग महोत्सव, फूलों की होली में झूमे श्याम भक्त

### हंसराज म्यूजिकल, मुकुल आकाश व श्याम पारीक ने बांधा समां



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच स्थित राधा कृष्ण हवेली में रविवार को श्री श्याम संघ बालाजी परिवार की ओर से फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिवाकर ओझा द्वारा आकर्षक श्याम दरबार सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ज्योत प्रज्वलन व आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद नापासर के हंसराज म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर के कलाकार मुकुल आकाश तथा नोखा के श्याम पारीक ने श्याम भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने फूलों की होली खेलकर फाग महोत्सव का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इस मौके पर रवि मोदी, शिव कुमार अग्रवाल, जीतू वर्मा, मनोज पंसारी, गोविंद पाराशर, अमित टांटिया, गणेश कंदोई सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

## गांधी चौक में होगा तीन दिवसीय गींदड़ महोत्सव

### आयोजन समिति का गठन दिलीप सिंह राजपुरोहित बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)** नगर पालिका सभागार में मंगलवार को होली महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले लोक नृत्य गींदड़ को लेकर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभारिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीदासर गींदड़ आयोजन समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर दिलीप सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष ललित माली, उपाध्यक्ष कमल दूगड़, मंत्री राजेश दूगड़ तथा संरक्षक के रूप में संचियालाल वेद को चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कस्बे के गांधी चौक में होली पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय गींदड़ महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोक कलाकार पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। बैठक में अधिशासी अधिकारी भरत गौड़, सहायक अभियंता मुकेश स्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, दानमल बाठिया, पार्षद बेगराज नाई, बाबूलाल बेंगाणी, दड़ीबा गींदड़ समिति के अध्यक्ष रामोतार मारोठिया, हुक्मीचंद सिंघी, प्रहलाद सिंह राजपुरोहित सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को 14 साल का कठोर कारावास

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने पुलिस थाना में दर्ज 10 वर्ष पुराने प्रकरण एफआईआर नंबर 215/15 सेशन संख्या 6/16 के मामले में हरियाणा के कालावाली थाना क्षेत्र के दादू निवासी अभियुक्त वकील सिँह पुत्र गुर बहादुर सिँह को एनडीपीएस एक्ट में दोष सिद्ध घोषित कर 14 साल के कठोर कारावास व 2 लाख रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है एवं अर्थदंड जमा नहीं करवाने पर आरोपी को एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने की।



## उपजिला चिकित्सालय व ट्रॉमा सेंटर की भूमि को लेकर विवाद, नागरिकों ने पूर्व आवंटित जमीन पर निर्माण की उठाई मांग, एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में उपजिला चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर के निर्माण को लेकर भूमि चयन पर नया विवाद खड़ा हो गया है। क्षेत्र के नागरिकों ने राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि चिकित्सालय और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण पूर्व में आवंटित भूमि पर ही किया जाए। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा उपजिला चिकित्सालय और ट्रॉमा सेंटर के लिए बजट स्वीकृत किया जा चुका है। 24 जुलाई 2023 के आदेश के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सरदारशहर में खसरा संख्या 775/594 (लगभग 3.2800 हेक्टेयर) भूमि उपजिला अस्पताल हेतु तथा खसरा संख्या 776/594 (लगभग 0.2300 हेक्टेयर) भूमि ट्रॉमा सेंटर हेतु निःशुल्क आवंटित की गई थी।



नागरिकों का कहना है कि यह भूमि राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने, दिल्ली-बीकानेर मेगा हाईवे और प्रमुख सड़कों के निकट स्थित है। जिससे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन सुगम रहेगा। उन्होंने अस्पताल निर्माण के लिए उपयुक्त, सुविधाजनक और जनहितकारी बताया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 25 अप्रैल 2025 को एक अन्य प्रस्ताव के तहत इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र की भूमि खसरा संख्या 665/367 पर अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। नागरिकों का आरोप है कि उक्त भूमि औद्योगिक क्षेत्र के पास स्थित है। जहां विभिन्न फैक्ट्रियां संचालित हैं। इससे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण का खतरा बना रहता है जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल हो सकता है। साथ ही यह क्षेत्र शहर से दूर होने के कारण आपातकालीन स्थिति में पहुंचना कठिन हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि पूर्व आवंटित भूमि के आसपास विभिन्न समाजों की आबादी निवास करती है और वहां अस्पताल बनने से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से जनहित में उचित निर्णय लेने की मांग की है। नागरिकों ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, जिला कलेक्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से पूर्व आवंटित भूमि पर ही उपजिला चिकित्सालय और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण शीघ्र ही शुरू करवाने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## *किसान महापंचायत को लेकर गांव-गांव जनसंपर्क अभियान, किसानों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील*

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा 25 फरवरी को आयोजित होने वाली किसान महापंचायत की तैयारियों के तहत आज विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। इस दौरान लाछडसर, परसनेऊ, आलसर बास, आलसर, जेगनिया बिकान, जेगनिया बिदावतान, दस्सुसर, पड़िहारा, सिमसिया, भावनदेसर एवं रतनादेसर गांवों में किसान बैठकों का आयोजन कर महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठकों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन सरकार और संबंधित विभाग उनकी अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा और अखिल भारतीय किसान सभा किसी भी स्थिति में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देगी। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि फसल खराब होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसानों के बीमा क्लेम लंबित पड़े हैं, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार और बीमा कंपनियों से तुरंत बकाया बीमा क्लेम का भुगतान करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अभियान का नेतृत्व रतनगढ़ अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू एवं सचिव गोपीचंद खीचड़ ने किया। जिला उपाध्यक्ष मदनलाल जाखड़, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र बरोड़, कानूनी सलाहकार एडवोकेट बिशनलाल रुलानिया तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरजूराम, बजरंग सिंह, श्रवण मेघवाल, राजलदेसर सचिव विजयपाल कड़वासरा ,धनाराम बिस्सू ,एवं गिरधारी घिंटाला भी जनसंपर्क अभियान में शामिल रहे।किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि 25 फरवरी की किसान महापंचायत में स्मार्ट मीटर विरोध, बकाया बीमा क्लेम भुगतान सहित किसानों के प्रमुख मुद्दों पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। सभी किसान साथियों से एकजुट होकर बड़ी संख्या में पहुंचने और महापंचायत को सफल बनाने की अपील की गई।

## *ठेकेदार द्वारा अनियमितता पुर्ण कार्य करने के आरोप लगाते हुए सहायक अभियंता को ज्ञापन*

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे के वार्ड सं 23 में चल रहे वैष्णव एसोसिएट विधुत प्रोजेक्ट लिमिटेड जयपुर कम्पनी की और से किये जा रहे थी फैश एलडी लाईन के कार्य में निवृतमान पार्षद धनपत शर्मा ने गम्भीर आरोप लगाते हुए सहायक अभियंता को ज्ञापन दिया। निवृतमान पार्षद ने बताया वार्ड स 23 लूणासर रोड सुनारो की बाड़ी में ठेकेदार द्वारा थी फैश एलटी लाइन का कार्य दिया था जिसमें अधिकारीसे मिलीभगत कर घटिया कार्य किया गया है। पांच तार की जगह चार तार लगाये गये। डेमेज पोल बदले नहीं गये। स्ट्रीट लाइट वापस नहीं लगाई गये। लोगों के घरों के ऊपर से झूलते हुए तार खिंच दिये जिससे करंट आने का खतरा हर समय रहेगा। इन्सुलेटर भी ही लगाये। जिसको लेकर हमारे द्वारा सहायक अभियंता विधुत विभाग को ज्ञापन देकर ठेकेदार के कार्य की जांच कर उचित नियमानुसार कार्य करवाने की मांग की है। जिसकी प्रतिलिपि उच्च प्रशासनिक अधिकारी को भेजी गई है।

## चंग की थाप पर झूम उठा चूरू, फागोत्सव में बिखरे लोक संस्कृति के रंग

### साकार संस्थान का आयोजन, राजलदेसर की चंग पार्टी ने बांधा समां, लोक कलाकार व पत्रकार को स्मृति पुरस्कार से नवाजा



**चूरू(निसं.)** रंग, उमंग और लोक परंपराओं की जीवंत छटा के बीच रविवार शाम सफेद घंटाघर पर साकार संस्थान की ओर से हुए फागोत्सव-2026 ने शहरवासियों को लोक संस्कृति से सराबोर कर दिया। रतनलाल पारख की स्मृति में बसंत कुमार व संजय कुमार पारख कोलकाता के सौजन्य से हुए इस आयोजन ने चूरू की सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवंत कर दिया। राजलदेसर की श्याम म्यूजिकल ग्रुप चंग पार्टी के कलाकारों ने चंग की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों की ऐसी रसधार बहाई कि दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। 'फाग' के रंगों में रचे-बसे गीतों और लोकधुनों ने मरुभूमि की लोक संस्कृति की महक बिखेर दी। कार्यक्रम में बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई, जिससे वातावरण पारंपरिक उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम में पत्रकार पीयूष शर्मा स्मृति पुरस्कार पत्रकार राहुल शर्मा को तथा पूर्व सभापति रमाकांत ओझा की स्मृति में लोक कलाकार पंकज ओझा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सभापति विजय शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया, एपीआरओ मनीष कुमार, महेंद्र चौबे, विनोद ओझा, भास्कर शर्मा व हरिप्रसाद पीपलवा उपस्थित रहे। अतिथियों के साथ गुरुदास भारती, नरेंद्र शर्मा, बिजेंद्र दाधीच, हनुमान शर्मा आदित्य, राकेश दाधीच, कौशल शर्मा, हेमंत प्रजापत, अखिलेश दाधीच सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाओं को स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत संदीप पाटिल, जगदीश सराफ, संजय सोनी, योगेश गोड़, कानसिंह, पवन शर्मा, सुनील भाऊवाला, मूलचंद दर्जी, अश्वनी व्यास, गौरव दाधीच, हरि मोहता, कमल गोठेचा, राजेश बांठिया, डॉ. शंकर सिंह गोड़, विश्वनाथ राजगुरु, दिनेश स्वामी, विपिन दाधीच व विजय सारस्वत ने किया। संचालन उमेश दाधीच ने किया। खास बात ये थी की फागोत्सव के आयोजन ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता की दौड़ में भी लोक संस्कृति की जड़ों को संजोए रखना जरूरी है। चंग की थाप, पारंपरिक वेशभूषा और सामूहिक सहभागिता ने चूरू की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाया।

## सविता राठी ने लिया ग्राम संसद सरपंच संवाद में भाग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जयपुर के मेरियट होटल में आयोजित हुए ग्राम संसद सरपंच संवाद में निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने कहा कि आज ग्रामीण युवा को खेती के लिए आकर्षित करने की आवश्यकता है। साथ ही 15 साल तक के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि ग्रामीण सुधार की मुख्य धुरी ग्राम पंचायत है, जिसे सरपंच को सकारात्मक रवैए के साथ विकसित करना होगा। पद्म श्री प्राप्त पिपलांत्री के पूर्व सरपंच पालीवाल ने कहा कि पंचायत राज में सबसे शक्तिशाली पद सरपंच का है, जिसे पारदर्शिता के साथ निभाना होगा। ग्राम संसद के महासचिव अखिल द्विवेदी ने कहा कि राजस्थान के कमजोर वर्ग के डेढ़ लाख विद्यार्थियों को फ्लिकी रास की कोचिंग निःशुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही एसआरके हॉस्पिटल के निशुल्क शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में लगभग 300 जनप्रतिनिधि एवं कॉरपोरेट्स ने भाग लिया।

**Office of Superintendent Engineer Cum Project Manager WCDC, Zila Parishad Churu**

S.No. 2559-60 Date 13/2/2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 21/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 28.05 (Sno.01), 139.463 (Sno.02), are invited from interested bidders up to 14.02.2026, 10:00 AM to 24.02.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.

NIB Ref.No. ENIT_21_2025_26_SE_CHURU
NIB Code - WSC2526A1668
UBN -
WSC2526WSOB02891 WSC2526WSOB02892

अविक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सैल कम डाटा सेन्टर
जिला परिषद, बुरू

DIPR/C/3731/2026

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
**न्यायालय श्रीमान् अपर जिला न्यायाधीश सुजानगढ़**

अरविन्द प्रजापति बनाम शाखा प्रबन्धक महोदय, भारतीय स्टेट बैंक, सुजानगढ़ आदि

वाद/प्रार्थना पत्र भारतीय उत्तराधिकार अधि. 1925 की धारा 278
प्रार्थना पत्र संख्या 02 सन् 2026

नाम....सर्वसाधारण पुत्र... जाति..... पता...... उक्त... अरविंद प्रजापति ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि SBI शाखा सुजानगढ़ के लॉकर संख्या 09 के बारे में Letter of Administration जारी करने हेतु ।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 25 माह 03 सन् 2026 को 10:30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे, तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा ।

यह आज तारीख 23 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

दिनांक 21-02-2026 डीएन 5
मुहर न्यायालय
आज्ञा से

रीडर
अपर जिला न्यायाधीश,
सुजानगढ़, जिला चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रतनगढ़**

क्रमांक-3216-3225 दिनांक- 09-02-2026

**ई-निविदा सूचना संख्याः 28/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में सड़क निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No- PWD2526A5599
1. UBN No- PWD226WSOB22781

अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि खण्ड रतनगढ़

DIPR/C/3261/2026

## किसानों की महापंचायत आयोजित

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** किसानों व आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सोमवार को तारानगर के तहसील कार्यालय के आगे विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है।एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत ने बताया कि 2017 से सभी बकाया क्लेम देने, एसएसटी पॉईन्ट से क्रॉप कंटीग न करके रेण्डम प्रणाली से क्रॉपकटिंग करने, मनरेगा कानून को पून बहाल करने 1200 दिन काम व 600 रुपये दैनिक मजदूरी देने, नरेगा मेट का पंजीयन ऑन लाईन करने, सिद्धमुख तहसील को आधार मानकर रबी फसल 2024-25 का क्लेम देने, गारन्टी उपज व क्रॉपकटिंग सार्वजनिक करने, स्मार्ट मीटरों को लगाने पर रोक लगाने, वंचित लोगों को 100 यूनिट की बिजली में शामिल करने, 765 केवी लाइनों में अवाप्त भूमी का बाजार मूल्य से 4 गुना मुआवजा देने, चौधरी कुम्भाराम नहर का घटाया गया रकबा वापिस जोड़ने, बैलों की ब्रिकी पर रोक हटाने व पशु मेला पुनः शुरु करने, चौधरी कुम्भाराम नहर के पटड़े में 2 करोड़ के घपले की जाँच कराने तथा भ्रष्ट अफसरों व शामिल अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा नहर निर्माण में घटिया सामग्री पर रोक लगाने, सरकारी कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, सभी संस्थानो में मिड-डे मील में ठेका प्रथा बंद करने, एमएसपी का कानून बनाने तथा सभी किसानों को कर्ज मुक्त करने, नये बीज कानून पर रोक लगाने, जल जीवन मिशन में घटिया सामग्री व घपलों की सीबीआई से जांच कराने, गावों में आबादी भूमी का विस्तार कराने तथा सरकारी भूमी में बसे लोगों को आवासीय पट्टे देने, प्राइवेट फाइनेंस कम्पनीयों की लूट पर रोक लगायी लगानेतथा आरबीआई गाईडलाईन के अनुसार ऋण वसूलने, चौधरी कुम्भाराम नहर के सभी माईनरों में सिचाई के लिए पुरा पानी छोड़ने तथा नये माईनरो का रेगुलेशन तय करने आदि 18 सूत्री मांगो को लेकर तहसील कार्यालय के आगे महापड़ाव डाला गया। उपखंड प्रशासन के साथ वार्ता में कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी। महापंचायत में 13 मार्च को जिलेभर में रेल रोको का फैसला लिया गया। कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत, उमराव सहारण, विक्रम सोनी, चिमना राम पांडर, नितेश उपाध्याय, भोजराज महला, सुमन प्रजापत, राजू सहारण, रामस्वरूप सहारण, बाबूलाल दर्जी, गोपीराम पुरोहित, इमिलाल नायक, कुणण बरोड़, मांगीलाल बिलियां आदि ने महापंचायत को सम्बोधित किया।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में अनेक रोमांचक मुकाबले, विधार्थियों ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न रोचक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में मनोरंजन एवं शारीरिक दक्षता का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच गजब का तालमेल देखने को मिला। जोड़ियों ने एक दूसरे से कदम से कदम मिलाकर जीत के लिए पसीना बहाया। थ्री लेग प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम मनीष सैनी, संदीप, द्वितीय किशन नाथ, सांवरदास, तृतीय मदन, हिमांशु ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंका, सुनिता, द्वितीय मनीषा सुथार, ममता तथा तृतीय मोनिका, स्नेहा की टीम ने प्राप्त किया। थ्री लेग प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मुकेश सुथार और उमा भारती जांगिड़ ने की। एकाग्रता, धैर्य, संतुलन की चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम सांवरदास, द्वितीय कन्हैयालाल, तृतीय मदन शर्मा ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में प्रथम निशा महला, द्वितीय सुनीता जाट, तृतीय प्रियंका धेतरवाल ने प्राप्त किया। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में राजेंद्र भाट, सुमन चौहान रहे। तीसरी प्रतियोगिता संगीत की धुन पर आयोजित म्यूजिकल चेयर ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। संगीत की हर लहर के साथ बढ़ती धड़कनों के बीच इस प्रतियोगिता ने दर्शकों व खिलाड़ियों को अंत तक रोमांचित रखा। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम स्थान शिवनाथ बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान सुमित्रा मांजू बीए बीएड तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में लोकेश सैन और वैद प्रकाश बरोड़ रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना के साथ-साथ मानसिक सजगता, धैर्य और एकाग्रता विकसित होती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल प्रभारी महेश छिम्पा, आशीष पारीक, कपिल सारस्वत, नारायण लाटा तथा समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता एवं उपस्थिति रही।

## समिति ने 20 ज़रूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** इंसानियत एकता सेवा समिति की तरफ से रमजान के मुबारक मौके पर जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गई। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि रमजान मुबारक में समिति की तरफ से 20 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गई। उन्होंने बताया कि इस से पूर्व 17 फरवरी को भी समिति द्वारा 21 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गईं थीं। खान ने बताया कि इस राशन किट वितरण में डॉ अमजद खान, जाकिर खान दौलतखानी ,रमजान खान, नदीम खान मुन्याण, शाजिया जावेद खान मुन्याण, इदरीस रौशन खान , अकरम खान ताजनाण आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई । निदेशक सदस्य बिलाल खान लक्की ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## एडवोकेट गोवर्धन सिंह का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मशहूर अधिवक्ता गोवर्धन सिंह का सुजानगढ़ आगमन पर स्वागत किया गया। स्थानीय न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट करनीदान चारण, राजेंद्र सोनी, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, हनुमान प्रजापत, दशरथ सिंह, किशन शर्मा, प्रदीप सोनी, नारायण प्रजापत, प्रियांशु लडा, मधु चोबदार, रजाक खान सहित अनेक लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान वकीलों के बीच अनेक सम सामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

## हरपालसर में भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के हरपालसर गांव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के पिता पूर्व आरएएस उत्तम सिंह जी की स्मृति में हो रही शिव गोशाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा वाचक बाल संत श्री भोले बाबा के श्री मुख से कथा के वाचन का श्रवण कर पुन्य कमाया। भागवत कथा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ और उनके परिवार के अलावा महंत दयानाथ जी महाराज, राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, भाजपा नेता श्रवण चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, पूर्व सभापति राजकरण चौधरी, मुरलीधर सैनी, श्योकरण पोटलिया, विजय कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्यजनों के अलावा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## भागवत के पांचवें दिन सैकड़ों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे में मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में पुजारी राजूराम के सानिध्य में शुरू हुए धार्मिक आयोजन के तहत श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर प्रांगण में शुरू हुए श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा यजमान विष्णु कांत पारीक व पप्पुराम भाटी दिपाराम प्रजापत ने सपत्नीक व्यास पीठ की पुजा अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान दण्डी स्वामी शिवन्द्राश्रम महाराज ने कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण के बाद रूप की व्याख्या की। महाराज श्री ने गोवर्धन पर्वत गोचरण लीला की व्याख्या कि।कथा में समस्त बालाजी मंदिर के सदस्य तथा महिला पुरूष मौजूद थे।

## उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं में 26 फरवरी को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर

**झुंझुनूं(निसं.)** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं द्वारा एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर दिनांक 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे से रोजगार कार्यालय परिसर, झुंझुनूं में आयोजित होगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुन्झुनूं के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि शिविर में देश की प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी और विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इस अवसर पर सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे।

## शिवाजी सेवा संस्थान का रंगरूड़ौ फाग उच्छब 2026 को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निसं.)** जनपद की सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों की अग्रणी संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से होली पर्व के उपलक्ष में चार दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में व जयदेव प्रसाद माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। संस्थान के सभा हॉल में आयोजित बैठक में चार दिवसीय संस्कृतिक समारोह को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक अशोक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक होने वाले चार दिवसीय आयोजन के तहत 27 फरवरी को रामगढ़ शेखावाटी टीम व शिवाजी सेवा संस्थान के स्थानीय कलाकार, 28 फरवरी को रामसीसर भेड़वालिया टीम, 01 मार्च को दोपहर अनोखी बंदोरी व सायं को लक्ष्मणगढ़ चंग व नृत्य पार्टी तथा 02 मार्च को जयपुर की टीम तथा टीम शिवाजी सेवा संस्थान के स्थानीय कलाकारों व ढप मंडलियों की ओर से लोक नृत्य एवं धमाल के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से किए गये निर्णय के अनुसार संस्थान की और से दशकों से निकाली जाने वाली प्रदेश भर में लोकप्रिय बंदौरी 01 मार्च दोपहर शिवाजी सेवा संस्थान प्रांगण से निकलेगी जो कि शहर के विभिन्न मार्गों से परिक्रमा करते हुए संस्थान के प्रांगण में पहुँचेगी। बंदोरी में होली के रोचक स्वांग के साथ कालाकरों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। वर्मा ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य है कि बंदौरी में शहर भर के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बैठक में निर्णय किया गया है कि बंदौरी में रोचक व आकर्षक स्वांग के साथ भाग लेने वाले श्रेष्ठ कलाकारों को आकर्षक पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शंकर लाल गुरावा, योगेश चन्द्र रूथला, पूर्व पालिकाध्यक्ष किशोरीलाल बील, कैलाश चंद्र नोहाल, मुरलीधर मंडगीरा, शान्तिलाल माटोलिया, रामोतार नोखवाल, गोविन्दप्रसाद सोनी, बनवारीलाल बील, रामस्वरूप मिटावा, हीरालाल नौहाल, पवन माटोलिया, सुभाष वर्मा, केशव पुरोहित, सुरेन्द्र नौहाल, श्रीनिवास बील, विक्रम स्वामी, महावीर पीपलवा, दिनदयाल सोनी, गणेश टांक, कन्हैयालाल माली, भरत नोहाल, जितेश पिपलवा, रामावतार धानुका, मयंक नौहाल, पवन सोनी, राजेन्द्र नोहाल, अभिषेक व्यास, विनोद नौहाल, हिरालाल सोनी, कौटिल्य पारीक, रामकिशोर नोहाल, अमीत सैनी, ललीत सोनी, रामकिशन माली, लक्ष्मण सोनी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## सरदारशहर में शेखावाटी क्षेत्र का ऐतिहासिक होगा होली उत्सव का आयोजन

### चार दिवसीय होली उत्सव में बिखरेगी होली की रंग-बिरंगी छटा, फिल्मी कलाकारों सहित देश भर से अनेक कलाकारों का होगा समागम

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में होली मायड़ भूमि री के तहत भामाशाह विकास कुमार विनीत कुमार मालू के सहयोग से चार दिवसीय होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शहर के ताल मैदान में होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता को होली उत्सव का भरपूर आनंद मिले। इसको लेकर आयोजन समिति विशेष ध्यान दे रही हैं। होली उत्सव को लेकर देश से फिल्मी कलाकारों सहित अनेक कलाकारों का समागम चार दिवसीय होली उत्सव में क्षेत्र के लोगों को देखने को मिलेगा। शानदार आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा बैठकें करके अलग-अलग टीमों का गठन करते हुए जोरो-शोरों से तैयारी की जा रही है। क्षेत्र की जनता को इस बार शेखावाटी क्षेत्र का ऐतिहासिक होली उत्सव देखने को मिलेगा। शेखावाटी क्षेत्र में अलग-अलग आयोजन होली उत्सव को लेकर किए जाते हैं। इस बार सरदारशहर में भी भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन को लेकर भामाशाह विकास कुमार विनीत कुमार मालू के सहयोग से ऐतिहासिक कार्यक्रमों को लेकर पूरे क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र में होली उत्सव को लेकर जहां अलग-अलग कार्यक्रम होली पर विशेष किए जाते थे। लेकिन इस बार चार दिवसीय होली उत्सव ताल मैदान में किया जा रहा है। इस बार पूरे ताल मैदान में होली उत्सव को लेकर अलग ही नजारा क्षेत्र की जनता को देखने को मिलेगा। होली उत्सव को भव्य एवं विशाल रूप देने के लिए प्रचार प्रसार जोरों शोरों से किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनूं व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसकी मुख्य थीम 'आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में संवाद एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना, नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ को सुदृढ़ बनाना था, ताकि जागरूक एवं सक्रिय नागरिकों की नई पीढ़ी का निर्माण हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा वर्ग को सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति सजग रहकर सकारात्मक योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़े दूरगामी परिणामों पर चर्चा की। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पांच प्रतिभागियों पूजा तंवर, सोनिया, भारतेंदु, मंताशा कपूर एवं आनिया राठौड़ का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी एवं सदस्य सचिव मधु यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने और नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। निर्णायक मंडल में राजकीय महाविद्यालय मलसीसर के प्राचार्य प्रो. मनोज कुल्हार, राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार, मनु धनखड़ तथा एपीआरओ विकास चाहर ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा डूडी एवं डॉ. बरखा सिंह ने प्रभावी ढंग से किया।कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मील ने विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

## डागा बने गांधी चौक नृत्य कला मण्डल के अध्यक्ष

### मारू व सैनी बने कार्यकारी अध्यक्ष



**राजलदेसर** कस्बे वर्षों से चल रही परम्परा गींन्दर नृत्य को लेकर बनाई गई गांधी चौक नृत्य कला मण्डल कमेटी की वार्षिक बैठक रात्री 8 बजे गांधी चौक परिसर में अध्यक्ष संजय महावर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कोषाध्यक्ष पुरूषोतम मारू ने वित वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष संजय महावर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नये अध्यक्ष के रूप में कमल डागा का प्रस्ताव रखा जिसे पर सभी ने अपनी सहमति दर्ज़ की। डागा ने अपनी कार्यकारणी बनाते हुए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पवन नाई,निर्मल सैनी का नाम प्रस्ताव रखा सभी ने सर्वसम्मति से मान्य हुआ। कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज प्रजापत को सर्व सहमति से बनाया गया। नौ उपाध्यक्ष,मंत्री, सहमंत्री, मिडिया प्रभारी नियुक्त किये गये। कार्यकारणी द्वारा गींन्दर नृत्य की तैयारियां को लेकर व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## रोजगार सहायता शिविर आज

**चूरू** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान जयपुर व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय चूरू की ओर से बेरोजगार युवाओं के लिए मंगलवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जायेगा। इस शिविर में राज्य के 10वीं पास तथा तकनीकी योग्यता प्राप्त अर्थात आईटीआई पॉलीटेक्निक बैच शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में अर्थात पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. प्रथम एज्युकेशन फाउण्डेशन प्रा.लि., जेब्रा इंडिया ओपीसी प्रा.लि., सीआईआई एमसीसी, यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस प्रा.लि., स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, इनोवेशन लिमिटेड, कम्फर्ट सॉल्यूशन, नेशनल सिक्योरिटी प्रा. लि. कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगें। विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 1000 रिक्त पदों के लिये बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इसके अलावा स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में राजकीय विभागों यथा जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक/फोटोयुक्त पहचान-पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय चूरू में सम्पर्क कर सकते हैं।

## भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के भाजपा कार्यालय चौधरी गेस्ट हाउस में सोमवार को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें 1 मार्च को कृषि उपज मंडी में जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़ के जन्म दिवस पर उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गयी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, विधानसभा प्रभारी अजीत सिँह राठौड़, पूर्व सरपंच नेठवा लीलाधर बगोरिया, पूर्व चेयरमेन जसवंत स्वामी, रामवतार सैनी, कृष्ण सहारण, मदन नायक,साबिर हुसैन, दिनेश शर्मा, पालाराम,रवि गौड़, गुमान सैनी, सत्यवीर सोनी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## पैदल यात्री संघ ने निकाला निशान यात्रा कर होंगे रवाना



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे से खाटूश्याम पैदल यात्री संघ की ओर से आज निशान यात्रा निकाली। पैदल यात्री संघ की ओर से आज निर्माणाधीन श्याम मन्दिर से रवाना होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर बसस्टेण्ड पर पुनरासर हनुमान जी मंदिर पहुंची। निशान यात्रा का कस्बे में लोगों ने जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा संघ के रामानंद सोनी ने बताया हर वर्ष की भांति खाटु श्याम पैदल यात्री संघ 24 फरवरी सुबह पुनरासर हनुमान मंदिर बसस्टेण्ड से रवाना होंगे।आज हमने निर्माणाधीन श्याम मंदिर गौडबाडी से रवाना होकर कस्बे के मार्गों से रवाना होकर पुनरासर हनुमान मंदिर पहुंचे सुबह पैदल रवाना होकर खाटु श्याम के दरबार में हाजिरी लगायेगे।

## सात दिवसीय बाबा श्याम फाल्गुन महोत्सव का आगाज, बाबा के भक्तों में उत्साह

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के श्री श्याम मन्दिर आथूणा बास में 54 वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आगाज श्री श्याम रस ताली कीर्तन के साथ हर्षोल्लास व बाबा के भजनों की स्वर लहरियों में धूमधाम किया गया। श्याम बाबा के भक्तों द्वारा श्री श्याम बाबा के फाल्गुनी भजनों व धमालों पर नाच गाकर बाबा श्री श्याम को रिझाया। आगामी सात दिवसीय कार्यक्रम तय समय पर किये जायेंगे। फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत बाबा श्री श्याम का दुग्ध अभिषेक, लड्डू गोपाल पुष्प होली, श्री श्याम बाबा की शोभा यात्रा, विशाल जागरण सहित अनेक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है। बाबा श्याम के फाल्गुन महोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा हैं। मंगलवार को श्री श्याम दीवाने संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां के बाद दोपहर 1 बजे से नानी बाई के मायरा का वाचन पं. पंकज दाधीच द्वारा किया जायेगा। आयोजन की भव्य तैयारियों को गिरधारीलाल प्रजापत, गिरीश लाटा, अशोक पेड़ीवाल, लालबहादुर सेवदा, पवन पेड़िवाल, भगवतीप्रसाद लखोटिया, पंकज नवहाल, निर्मल नवहाल, बनवारी काछवाल, सन्दीप जोशी, राजेश चौहान, शुभम व गोपी नवहाल सहित अनेक बाबा के भक्त सहयोग कर रहे हैं। आयोजन को लेकर मंदिर पुजारी श्यामसुंदर नवहाल व अध्यक्ष गोविन्दराम प्रजापत ने जानकारी दी।

### मालवीय नगर के 'द फोर्ट' में फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का जलवा, कल होगा समापन - खरीदारी के लिए उमड़ी जयपुरवासियों की भीड़

**जयपुर/ मण्डावा** गुलाबी नगरी के मालवीय नगर स्थित 'द फोर्ट' में दो दिवसीय फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी के पहले दिन जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रदर्शनी के पहले दिन जयपुर के फैशन प्रेमियों ने जमकर खरीदारी की और नए कलेक्शंस का आनंद लिया। यहाँ एक ही छत के नीचे लेटेस्ट फैशन के कपड़े, प्रीमियम ज्वेलरी, होम डेकोर, और हाथ से बने विशेष क्रोशिया के सामान उपलब्ध हैं। आयोजकों ने बताया कि पहले दिन की सफलता के बाद कल दूसरे दिन और भी अधिक भीड़ जुटने की उम्मीद है। अगर आप अपने वॉर्डरोब को नया लुक देना चाहते हैं या घर को सजाने के लिए कुछ खास ढूंढ रहे हैं, तो कल का दिन आपके लिए आखिरी मौका है।